• जयपुर, बुधवार 29 अप्रैल 26 •वर्ष 15 •अंक 183 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 जज-रेफरी बैठक में जिला योगासन प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर रणनीति तय...
पेज @4 किड्स पैराडाइज स्कूल बाड़ी में बोर्ड परीक्षा मेधावी विद्यार्थियों का भव्य...
पेज @8 राजस्थान को एक वर्ल्ड-क्लास पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करना...

## 7 राज्यसभा सांसदों के पार्टी छोड़ने के बाद आप में हलचल बढ़ी, सभी विधायकों को जालंधर किया गया तलब

**जालंधर/एजेंसी।** पंजाब में आम आदमी पार्टी के भीतर सियासी हलचल तेज हो गई है। 7 सांसदों के पार्टी छोड़ने के बाद अब पार्टी नेतृत्व संभावित टूट को रोकने में जुट गया है। इसी कड़ी में प्रदेश प्रभारी मनीष सिसोदिया ने 29 अप्रैल को जालंधर में सभी विधायकों, ब्लॉक ऑब्जर्वर्स और फ्रंटल संगठनों के प्रमुखों की आपात बैठक बुलाई है। इस बैठक में मुख्यमंत्री भगवंत मान भी शामिल होंगे।

हालांकि बैठक का आधिकारिक एजेंडा सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि हालिया घटनाक्रम के बाद विधायकों की नब्ज टटोली जाएगी।

## बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान आज

# भाजपा एवं तृणमूल दोनों के लिए परीक्षा की घड़ी

### आठ जिलों के 142 निर्वाचन क्षेत्रों में होगा मतदान



एजेंसी

**कोलकाता।** पहले चरण में 93 प्रतिशत से अधिक के रिकॉर्ड मतदान और तृणमूल कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दावों के साथ, पश्चिम बंगाल चुनाव अब अपने सबसे निर्णायक चरण में पहुंच गया है, जहां बुधवार को आठ जिलों के 142 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा।

कोलकाता और दक्षिण बंगाल पारंपरिक रूप से तृणमूल का मजबूत गढ़ माने जाते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छह जनसभाएं और दो रोड शो करने के साथ यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा इस रूझान को तोड़ने के लिए बेताब है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, इस चरण में एक करोड़, 64 लाख, 35 हजार, 627 पुरुष, एक करोड़, 57 लाख, 37 हजार, 418 महिलाएं और 792 तीसरे लिंग के मतदाताओं सहित कुल तीन करोड़, 21 लाख, 73 हजार, 837 मतदाता 41,001 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग निगरानी की व्यवस्था होगी। इन जिलों की सामाजिक संरचना, मतदाताओं की संख्या और विविधता इस चरण को न केवल संख्यात्मक बल्कि राजनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण बनाती है।

निर्वाचन क्षेत्र के आठ प्रमुख जिलों- उत्तर कोलकाता (7 सीटें), दक्षिण कोलकाता (4), उत्तर 24 परगना (33), दक्षिण 24 परगना (31), हावड़ा (16), नदिया (17), हुगली (18) और पूर्व बर्धमान (16) में फैले हुए हैं, जिनमें तीन जिलों में अंतरराष्ट्रीय और नदी सीमाएं इसे न केवल राजनीतिक रूप से बल्कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी चुनौतीपूर्ण बनाती हैं। जनसांख्यिकीय रूप से, दक्षिण 24 परगना, हावड़ा और दक्षिण कोलकाता के बड़े हिस्सों में महत्वपूर्ण अल्पसंख्यक आबादी है, जबकि नदिया और उत्तर 24 परगना जैसे जिलों में पर्याप्त मतुआ और शरणार्थी समुदाय शामिल हैं, जहां पहचान और नागरिकता का मुद्दा प्रमुख है।

### ममता सहित कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए भी दांव उतने ही अहम हैं, क्योंकि इस चरण में कुछ हाई-प्रोफाइल निर्वाचन क्षेत्र दांव पर हैं, जिनमें सबसे उल्लेखनीय भवानीपुर है, जहाँ सुश्री बनर्जी का नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी के साथ सीधा मुकाबला है। एसआईआर प्रक्रिया के बाद लगभग 51,000 मतदाताओं (लगभग 21 प्रतिशत) के नाम हटने के बाद इस सीट ने अतिरिक्त ध्यान आकर्षित किया है, जो संभावित रूप से चुनावी समीकरणों को बदल सकता है। भवानीपुर के अलावा, कई प्रमुख नेता मैदान में हैं, जिनमें फिरहाद हकीम (कोलकाता पोर्ट), चंद्रिमा भट्टाचार्य (दमदम उत्तर), शशि पांजा (श्यामपुकुर), अरूप विश्वास (टॉलीगंज), ब्रात्य बसु (दमदम) और सुजीत बसु (बिधाननगर) शामिल हैं।

### भावनात्मक मुद्दों का लाभ उठाने का प्रयास

भाजपा ने अपनी ओर से स्वपन दासगुप्ता और रूपा गांगुली जैसे चर्चित चेहरों को मैदान में उतारा है और पानीहाटी से आरजी कर अस्पताल की पीड़िता की मां को नामांकित करके भावनात्मक मुद्दों का लाभ उठाने का प्रयास किया है।
दोनों दल पहले चरण के भारी मतदान की व्याख्या अपने लाभ के लिए कर रहे हैं। जहां श्री मोदी ने दावा किया है कि मतदान 'परिवर्तन की लहर' को दर्शाता है, वहीं अभिषेक बनर्जी सहित तृणमूल नेतृत्व ने दावा किया है कि यह सत्तारूढ़ दल के लिए मजबूत समर्थन और एनआरसी तथा नागरिकता के इर्द-गिर्द भाजपा के खिलाफ प्रतिरोध का संकेत देता है।

## संक्षिप्त खबरें

### पंजाब में विधायकों के टूटने का खतरा, मनीष सिसोदिया ने आज बुलाई बैठक



**चंडीगढ़।** पंजाब में सात राज्य सभा सांसदों के पार्टी छोड़ने के बाद आम आदमी पार्टी पर सियासी संकट गंभीर हो गया है। विधायकों में टूट की अटकलों के बीच पार्टी प्रभारी एवं दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने 29 अप्रैल को जालंधर में सभी विधायकों की बैठक बुलाई है। इस बैठक में ब्लॉक ऑब्जर्वर्स और फ्रंटल संगठनों के प्रमुखों को भी बुलाया गया है। बैठक में मुख्यमंत्री भगवंत मान भी शामिल रहेंगे। बैठक में 7 सांसदों के पार्टी छोड़ने के बाद विधायकों का मन टटोला जाएगा। आम आदमी पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल होने के दौरान राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के करीबियों के जरिए दावा किया गया कि पंजाब के मौजूदा 94 विधायकों में से 60+ विधायक राघव चड्ढा के संपर्क में हैं। इससे पंजाब सरकार को संकट हो सकता है। इस संभावित खतरे के मद्देनजर आम आदमी पार्टी ने सभी विधायकों, नेताओं तथा कार्यकर्ताओं को संगठित करना शुरू कर दिया है। इसी दिशा में यह बैठक बुलाई जा रही है।

### नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की एयरोड्रोम सुरक्षा योजना को बीसीएएस की मंजूरी

**नई दिल्ली।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा को नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) से अपनी सुरक्षा योजना के लिए मंजूरी मिल गई है, जो उड़ान संचालन शुरू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब एयरपोर्ट प्रशासन उड़ान सेवाएं शुरू करने की तारीख तय करने के लिए विमानन कंपनियों और अन्य भागीदारों के साथ मिलकर काम कर रहा है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अब हमारा ध्यान यह सुनिश्चित करने पर है कि सभी प्रणालियां, प्रक्रियाएं एवं कर्मचारी सुरक्षित, कुशल और सुचारु संचालन के लिए पूरी तरह तैयार हों। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर में विकसित हो रही एक नई परियोजना है। इस एयरपोर्ट को क्षेत्रीय संपर्क और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक में 15 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर लगी मुहर

# जेटेट नियमावली 2026 में घटनोत्तर स्वीकृति, क्षेत्रीय भाषाओं पर सस्पेंस

### मगही, भोजपुरी, अंगिका को क्षेत्रीय भाषा की सूची में शामिल नहीं किया गया

एजेंसी

**रांची।** मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। इस बैठक में 15 एजेंडों पर मुहर लगी। कैबिनेट ने झारखंड शिक्षक पात्रता नियमावली (जेटेट) में घटनोत्तर स्वीकृति दी है। बैठक में मगही, भोजपुरी, अंगिका को क्षेत्रीय भाषा की सूची में शामिल नहीं किया है।

मालूम हो कि कैबिनेट की पिछली बैठक में मंत्री राधा कृष्णकिशोर और मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने इन तीन भाषाओं को क्षेत्रीय भाषा की सूची में शामिल करने का मुद्दा उठाया था। मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में जेटेट नियमावली में घटनोत्तर स्वीकृति दे दी गई है। यानी पुराने नियमावली में कोई बदलाव गया है। कैबिनेट बैठक में मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने भोजपुरी, अंगिका, मगही को क्षेत्रीय भाषा की सूची में शामिल करने का मुद्दा उठाया। इसके आलोक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अन्य भाषाओं को क्षेत्रीय सूची में शामिल करने को लेकर एक समिति गठन करने की बात कही, इस समिति के आधार पर ही क्षेत्रीय भाषाओं की सूची को लेकर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।




### शिक्षा और तकनीक के क्षेत्र में बड़े बदलाव

कैबिनेट ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में 'राज्य स्कूल मानक प्राधिकरण' के गठन को स्वीकृति दी है। इसके तहत जेसीआरटी को प्राधिकरण के रूप में विकसित किया जाएगा, जो स्कूलों के लिए सुरक्षा और गुणवत्ता के मानक तय करेगा। साथ ही, राज्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को बढ़ावा देने के लिए गूगल के साथ एमओयू करने की मंजूरी दी गई है। पलामू के राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में 'इनोवेशन एंड इंक्यूवेशन सेंटर' की स्थापना के लिए 22.97 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

### राजधानी रांची में दो नए फ्लाईओवरों को मिली हरी झंडी

राजधानी रांची में ट्रैफिक की समस्या से निपटने के लिए सरकार ने दो बड़े फ्लाईओवर निर्माण को मंजूरी दी है। पहला फ्लाईओवर अरगोड़ा चौक से हरमू के काव रेस्टोरेंट्स (डिबडीह ब्रिज) तक बनेगा, जिसकी लागत कुल 469 करोड़ रुपये होगी। वहीं, दूसरा फ्लाईओवर करम टोली चौक से साइंस सिटी तक बनाया जाएगा, जिस पर 351 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इन परियोजनाओं से शहर के व्यस्त इलाकों में आवाजाही काफी आसान हो जाएगी।

### मारंग गोमके योजना का विस्तार

कैबिनेट ने मारंग गोमके छात्रवृत्ति योजना के तहत अब 50 छात्रों को विदेश में पढ़ाई की सुविधा देने का फैसला किया है। इसमें एसटी वर्ग के 20, एससी के 10, ओबीसी के 14 और अल्पसंख्यक वर्ग के 6 छात्र शामिल होंगे। इसके अलावा, गढ़वा जिले के 'बंशीधर नगर' का नाम बदलकर अब आधिकारिक तौर पर 'बंशीधर नगर उंटारी' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

### कोर्ट के आदेशों का होगा अनुपालन

कैबिनेट में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के आलोक में कई कर्मियों की सेवा नियमित करने और पेंशन गणना के प्रस्तावों को भी स्वीकृति दी गई। इसमें प्रभाकर सारंगी सहित 24 अन्य कर्मियों की दैनिक सेवा को पेंशन गणना में जोड़ने और वन विभाग के कर्मियों की सेवा नियमित करने जैसे संवेदनशील फैसले शामिल हैं।

## झारखंड उच्च न्यायालय ने 20 पुलिसकर्मियों के ट्रांसफर आदेश किए रद्द

# कहा-स्थानांतरण के बहाने दंड नहीं दे सकता विभाग

एजेंसी

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने धनबाद जिला पुलिस बल से अन्य जिलों में स्थानांतरित किए गए 20 पुलिसकर्मियों के ट्रांसफर आदेश को रद्द कर दिया है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि विभाग प्रशासनिक जरूरत के नाम पर किसी कर्मचारी को दंडित नहीं कर सकता और यदि विभागीय कार्रवाई आवश्यक हो, तो उसके लिए निर्धारित कानूनी प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए।

उच्च न्यायालय ने स्थानांतरण और कार्यमुक्ति (ट्रांसफर और रिलीविंग) दोनों आदेशों को निरस्त करते हुए निर्देश दिया कि सभी याचिकाकर्ता अपने मूल कार्यस्थल धनबाद में पुनः योगदान दें और संबंधित अधिकारी उनकी जॉइनिंग स्वीकार करें।

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति दीपक रोशन की एकल पीठ में हुई। अदालत ने अपने फैसले में कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि स्थानांतरण प्रशासनिक प्रक्रिया हो सकती है, लेकिन इसका उपयोग दंडात्मक कार्रवाई के रूप में नहीं किया जा सकता। यदि किसी पुलिसकर्मी पर लापरवाही या अनुशासनहीनता का आरोप है, तो विभाग को नियमानुसार विभागीय कार्रवाई करनी चाहिए, न कि स्थानांतरण के माध्यम से दंड देना चाहिए।

याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अर्पण मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने अदालत को बताया कि 24 फरवरी 2025 को मेमो नंबर 238/पी के तहत 20 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण प्रशासनिक आवश्यकता बताकर किया गया था। इसके बाद 11 मार्च 2025 को रिलीविंग आदेश संख्या 642 जारी कर उन्हें अन्य जिलों में भेज दिया गया।

हालांकि सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत प्राप्त जानकारी से यह सामने आया कि यह स्थानांतरण वास्तव में दंडात्मक कार्रवाई थी। धनबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने कथित लापरवाही के आरोपों के आधार पर इनके स्थानांतरण की सिफारिश की थी, लेकिन बिना उचित विभागीय प्रक्रिया अपनाए सीधे स्थानांतरण कर दिया गया।




### 'सोमेश तिवारी बनाम भारत संघ' मामले का दिया हवाला

अदालत ने उच्चतम न्यायालय के 'सोमेश तिवारी बनाम भारत संघ' मामले का हवाला देते हुए कहा कि यदि स्थानांतरण आदेश दंडात्मक प्रकृति का हो, तो उसे प्रशासनिक आदेश नहीं माना जा सकता और वह कानूनन टिक नहीं सकता। इसी आधार पर न्यायालय ने संबंधित आदेशों को अवैध करार दिया। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ताओं द्वारा नए स्थान पर योगदान देने से उनकी याचिका स्वतः समाप्त नहीं हो जाती। यदि स्थानांतरण आदेश को बाद में रद्द कर दिया जाता है, तो वह आदेश मूल तिथि से ही अमान्य माना जाएगा। इस मामले में याचिकाकर्ताओं में सूरज कुमार दास, अनुज कुमार सिंह, बलजीत कुमार, कौशल कुमार दुबे सहित कुल 20 पुलिसकर्मी शामिल थे, जो मुख्य रूप से धनबाद, चतरा, गया, पटना और आसपास के क्षेत्रों के निवासी हैं। सभी लंबे समय से धनबाद जिला पुलिस बल में तैनात थे। अदालत के इस फैसले को पुलिस प्रशासन में एक महत्वपूर्ण संदेश के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि स्थानांतरण को अनुशासनात्मक दंड के विकल्प के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

# शंभू धमाके में मारा गया अमृतपाल का करीबी

● **बम धमाके में पाकिस्तानी एजेंसियों का हाथ होने की आशंका जताई गई**

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब के शंभू में बीती रात हुए बम धमाके में पाकिस्तानी एजेंसियों का हाथ हो सकता है। यह आशंका रेलवे की स्पेशल डीजी शशि प्रभा द्विवेदी ने मंगलवार को घटनास्थल का दौरा करने के बाद जताई है। उन्होंने ये भी खुलासा किया कि जिस वक्त धमाका हुआ, पटरी के ऊपर से मालगाड़ी गुजर रही थी। हालांकि, मालगाड़ी को नुकसान नहीं हुआ, लेकिन ड्राइवर को झटका लगा।

इसके बाद ड्राइवर ने अफसरों को सूचना दी। सूचना के आधार पर जांच टीमों ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने कहा कि ये भी संभव है कि जिस वक्त ब्लास्ट हुआ, उस समय बम फिट करने वाला भी किनारे खड़ा था और धमाके की चपेट में आ गया, जिससे उसके शरीर के भी चिथड़े उड़ गए।

पटियाला के एसएसपी वरूण शर्मा ने बताया कि धमाके में जिसकी मौत हुई, वही बम फिट करने आया था। उसका नाम जगरूप सिंह है और वह तरनतारन के पंजवड़ गांव का रहने वाला है। उसकी बाइक अमृतसर से बरामद हो चुकी है। उसकी जेब से सरहिंद से राजपुरा की टिकट भी मिली है। उससे मोबाइल बरामद हुआ है, जिसकी कॉल डिटेल्स खंगाली जा रही है। पुलिस के मुताबिक जगरूप सिंह खालिस्तान समर्थक सांसद अमृतपाल का करीबी रहा है।

# एनएचआरसी ने दिल्ली समेत 22 राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजा नोटिस, संवेदनशील वर्गों की सुरक्षा के निर्देश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में बढ़ते तापमान और लू के प्रकोप को देखते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली समेत 22 राज्यों के मुख्य सचिवों को नोटिस जारी कर रिपोर्ट तलब की है।

एनएचआरसी के अनुसार लू की बढ़ती आवृत्ति और तीव्रता का सबसे बुरा प्रभाव आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, प्रवासी श्रमिकों और बेघर लोगों पर पड़ता है। इसलिए आयोग ने संबंधित राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि वे लू के खतरों से आम लोगों, विशेषकर कमजोर वर्गों के जीवन की रक्षा के लिए तत्काल और अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित करें। इनमें उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, छत्तीसगढ़, असम, सिक्किम, त्रिपुरा और हिमाचल प्रदेश शामिल हैं। आयोग ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के डेटा का हवाला देते हुए बताया कि वर्ष 2019 से 2023 के बीच भारत में लू लगने के कारण 3,712 लोगों की जान जा चुकी है। इन आंकड़ों को गंभीरता से लेते हुए आयोग ने सरकारों से पूछा है कि इस वर्ष हताहतों की संख्या को न्यूनतम करने के लिए क्या ठोस कदम उठाए गए हैं।

इसके अलावा आयोग ने राज्यों से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशानिर्देशों और मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के तहत की गई कार्रवाई की समेकित रिपोर्ट मांगी है। इनमें राहत उपायों का क्रियान्वयन और समावेशी योजना शामिल हैं।

**रक्षा मंत्रियों की बैठक** > शंघाई देशों से आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से निपटने को मोर्चा बनाने का आह्वान

# आतंकवाद की कोई राष्ट्रीयता नहीं होती : राजनाथ सिंह

● **'ऑपरेशन सिंदूर' ने दिखाया आतंकवाद के केंद्र अब उचित दंड से बच नहीं सकते : राजनाथ**



एजेंसी

**नई दिल्ली।** शंघाई देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से निपटने के लिए एकजुट मोर्चा बनाने का आह्वान किया, जिसके तहत आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों को खत्म किया जाए। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने भारत के इस दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित किया कि आतंकवाद के केंद्र अब उचित दंड से बच नहीं सकते। एससीओ को उन लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने में संकोच नहीं करना चाहिए, जो आतंकवादियों को उकसाते हैं, उन्हें पनाह देते हैं और सुरक्षित ठिकाने मुहैया कराते हैं।

किर्गिस्तान के बिश्केक में मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद की कोई राष्ट्रीयता नहीं होती, कोई धर्म नहीं होता, इसलिए देशों को इस खतरे के खिलाफ एक दृढ़ और सामूहिक रुख अपनाना चाहिए। क्षेत्रीय और वैश्विक शांति तथा स्थिरता सुनिश्चित करना एससीओ की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एक ऐसी वैश्विक आम सहमति पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है, जहां अराजकता, प्रतिस्पर्धा और संघर्ष के बजाय सह-अस्तित्व, सह-जीवन और करुणा को प्राथमिकता मिले।

राजनाथ सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य-प्रायोजित सीमा-पार आतंकवाद को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि इस मामले में दोहरे मापदंडों के लिए कोई जगह नहीं है। आतंकवाद-रोधी प्रयासों को एससीओ का बुनियादी सिद्धांत बताते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि इस संगठन ने इस खतरे के खिलाफ साझा लड़ाई में ऐसे कृत्यों और विचारधाराओं की निंदा की है। रक्षा मंत्री ने एससीओ की 'क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी संरचना' की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि वर्तमान वैश्विक अनिश्चितताओं को देखते हुए एससीओ अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि आज दुनिया का नजरिया बिखरा हुआ प्रतीत होता है और देश तेजी से अपने-अपने आंतरिक मामलों तक ही सीमित होते जा रहे हैं।

### भाईचारे और सद्भाव की भावना को बनाए रखें

रक्षा मंत्री ने कहा कि हमें बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर चलते रहना चाहिए, न कि जबरदस्ती या बल प्रयोग के रास्ते पर। हमें इस दौर को हिंसा और युद्ध का दौर नहीं बनने देना चाहिए, बल्कि इसे शांति और समृद्धि का दौर बनाना चाहिए। रक्षा और सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले लोगों के तौर पर हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम भाईचारे और सद्भाव की इस भावना को बनाए रखें। शक्ति की असली परीक्षा यह नहीं है कि उसका इस्तेमाल गरीबों और कमजोरों के खिलाफ किया जाए, बल्कि असली परीक्षा यह है कि उसका इस्तेमाल उन लोगों के हित में किया जाए, जो अपनी रक्षा खुद करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि 'वसुधैव कुटुंबकम' का प्राचीन भारतीय दर्शन ही इस एकजुटता की भावना को दर्शाता है, जो जाति और धर्म के सभी भेदों को मिटा देता है। राजनाथ सिंह ने एससीओ के उद्देश्यों को पूरा करने में रचनात्मक योगदान देने की भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। बैठक के दौरान रक्षा मंत्री ने सदस्य देशों के साथ मिलकर सुरक्षा, आतंकवाद और कट्टरपंथ से जुड़े उन मुद्दों पर चर्चा की, जो इस क्षेत्र को प्रभावित कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने इन मुद्दों के विश्व की शांति और स्थिरता पर पड़ने वाले व्यापक प्रभावों पर भी विचार-विमर्श किया।

# अनिल अंबानी समूह की 3,034 करोड़ रुपये की नई संपत्ति कुर्क

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस अनिल अंबानी समूह (आरएएजी) की कंपनियों के खिलाफ जारी धनशोधन जांच के अंतर्गत 3,034.90 करोड़ रुपये की नई संपत्तियां जब्त की हैं।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि ईडी ने मेसर्स रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड बैंक धोखाधड़ी मामले में पीएमएलए, 2002 के तहत 3,034.90 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। एजेंसी के मुताबिक कुर्क की गई संपत्तियों में मुंबई का एक फ्लैट, खंडाला का फार्महाउस, सानंद की जमीन, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के 7.71 करोड़ शेयर शामिल हैं। इस तरह रिलायंस अनिल अंबानी समूह से जुड़े मामलों में अब तक 19,344 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है।

ईडी ने कहा कि कुर्क की गई संपत्तियां रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (आर-इंफ्रा) की हैं। इनमें मुंबई में एक फ्लैट, खंडाला (महाराष्ट्र का एक हिल स्टेशन) में एक फार्महाउस, साणंद (अहमदाबाद) में कुछ भूखंड और आर-इंफ्रा के 7.71 करोड़ शेयर शामिल हैं।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि इन संपत्तियों को कुर्क करने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अस्थायी कुर्की आदेश जारी किया है।

सुविचार

**मत बैठ ऐ मुसाफिर, अभी चलना बहुत बाकी है, अभी तो नापी है मुट्ठी भर जमीन, अभी पूरा आसमान बाकी है।**

# आदतें सुधारें, देश को स्वच्छ बनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिक्किम में स्वच्छता की स्थिति पर टिप्पणी कर इस राज्य के निवासियों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है। अक्सर सिक्किम की साफ सड़कों और निर्मल हवाओं की चर्चा सोशल मीडिया पर होती है। यहां लोगों ने स्वच्छता का आदर्श स्तर कायम रखा है, जो प्रशंसनीय है। सिक्किम के निवासियों ने दिखा दिया है कि स्वच्छता सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। यह हम सबकी जिम्मेदारी है। अगर हम किसी जगह को स्वच्छ और सुंदर बनाना चाहते हैं तो सिक्किम के लोगों से बहुत कुछ सीख सकते हैं। भारत में कई लोग जब किसी जगह की स्वच्छता और सुंदरता की तारीफ करते हैं तो कहते हैं, 'वह जगह इतनी सुंदर थी ... जैसे फिल्मों में दिखाते हैं ... ऐसा लग ही नहीं रहा था कि हम इंडिया में हैं!' क्या स्वच्छ और सुंदर जगह सिर्फ विदेश में हो सकती है? क्या भारत में किसी जगह को स्वच्छ रख पाना असंभव है? जब कभी स्वच्छता की बात होती है तो कहा जाता है कि 'भारत में इस वजह से कचरे के ढेर लगे हुए हैं, क्योंकि यहां जनसंख्या बहुत बढ़ गई है।' अगर भारत में 140 करोड़ लोग हैं तो सफाई करने के लिए 280 करोड़ हाथ भी हैं। इस तरह तो हमारा देश पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा स्वच्छ होना चाहिए! वास्तव में गंदगी के लिए ज्यादा जनसंख्या को जिम्मेदार ठहरा देना एकपक्षीय दृष्टिकोण है। स्वच्छता को आदत बना दिया जाए तो जनसंख्या बहुत बड़ा वरदान बन सकती है। हमारे आस-पास ऐसे लोग दिख जाएंगे, जो गंदगी फैलाने को अपना अधिकार समझते हैं, जहां उनका मन करता है, वहां थूक देते हैं, फलों-सब्जियों के छिलके बिखेर देते हैं ... उसके बाद शिकायत करते हैं कि देश में सफाई नहीं है। क्या गंदगी फैलाने वाले लोग विदेश से चले आ रहे हैं?

अगर कोई व्यक्ति किसी को स्वच्छता का महत्त्व समझाते हुए गंदगी फैलाने से रोकता है तो उसके साथ हिंसक घटना भी हो सकती है। एक सोसाइटी में रहने वाले कुछ परिवार बासी खाना और फलों-सब्जियों के छिलके ऐसी जगह डालते हैं, जहां मक्खियां भिनभिनाती रहती हैं। इससे एक परिवार को बहुत परेशानी होती है। बरसात के मौसम में स्थिति और बिगड़ जाती है। जब वह परिवार अन्य लोगों से निवेदन करता है कि 'यहां बासी खाना और छिलके न डालें' तो उनका जवाब होता है, 'हम ही तो अकेले नहीं डाल रहे? पहले उन सबको रोकें।' यानी, पहले सबको सुधार कर आएं, उसके बाद हम सुधरने के बारे में सोचेंगे! जयपुर से चलने वाली एक ट्रेन के जनरल डिब्बे में कुछ बच्चे मूंगफली खाकर छिलके वहीं बिखेर रहे थे। एक यात्री ने उनसे कहा, 'छिलके एक जगह इकट्ठे कर लें, इस तरह न बिखेरें', तो बच्चों के माता-पिता भड़क उठे, 'हमने किराया दिया है। हमारे बच्चे ही गंदगी फैला रहे हैं क्या? मूंगफली खा रहे हैं तो अपने पैसों की खा रहे हैं। आपका क्या जाता है? अगर सफाई का इतना ज्यादा शौक है तो झाड़ू लेकर पूरी ट्रेन साफ कर दें! हमारे बच्चों को कुछ कहेंगे तो ठीक नहीं रहेगा। हमें सफाई का पाठ न पढ़ाएं।' जब लोगों का रवैया ऐसा होगा तो स्वच्छता का स्तर क्या होगा? क्या ट्रेन का किराया देने का यह मतलब है कि उस व्यक्ति को गंदगी फैलाने का लाइसेंस मिल गया? लोग सुविधाएं शानदार चाहते हैं, लेकिन अपनी आदतों में सुधार नहीं करना चाहते। जब कोई उन्हें स्वच्छता का महत्त्व समझाता है तो वे इसे अपनी प्रतिष्ठा पर प्रहार समझ लेते हैं और झगड़ा करने लगते हैं। हम अपनी हर समस्या के लिए विदेशी आक्रांताओं को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते। कई समस्याएं हमारी गलत आदतों की वजह से भी हैं। उनका समाधान असंभव नहीं है। हमें अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करनी होगी। आदतों को सुधारना होगा। स्वच्छता की शुरुआत हमसे होती है। अगर हम गंदगी फैलाना बंद करें, स्वच्छता का प्रसार करें तो भारत स्वच्छता सूचकांक में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर सकता है।

## ट्वीटर टॉक



हमें वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक- उदयलाल जी डांगी के पूज्य पिता मेघराज डांगी के निधन की दुखद खबर मिली है।ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने पवित्र चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को धैर्य और शक्ति प्रदान करें।

**-भजनलाल शर्मा**



भारतीय जनता पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की खास मौजूदगी में हुई कोर कमेटी मीटिंग में हिस्सा लिया। मीटिंग में ऑर्गेनाइज़ेशनल प्रोग्राम की रूपरेखा और मज़बूत और एक्टिव करने के साथ-साथ कई दूसरे ज़रूरी मामलों पर डिटेल में चर्चा हुई।

**-मदन राठौड़**



पश्चिम बंगाल के मेरे साथी नागरिकों, लोकतंत्र के त्योहार में इगझ की जीत का झंडा फहराने का यह सुनहरा मौका आपके सामने है। मुझे पूरा भरोसा है कि 29 अप्रैल को आप वोटिंग में एक नया रिकॉर्ड बनाएंगे।

**-नरेन्द्र मोदी**

प्रेरक प्रसंग

## आस्तिकता की कसौटी

महादेवी वर्मा और जवाहरलाल नेहरू के बीच बहन-भाई का सम्बन्ध था। जवाहरलाल महादेवी से अक्सर कहा करते कि, 'बहन जी, तुम तो बहुत आस्तिक हो। नित्य पूजा-पाठ करती हो, मैं तो निरा नास्तिक हूं, बिल्कुल नास्तिक!' 'देखेंगे, यह तो वक्त ही बताएगा कि तुम आस्तिक हो या नास्तिक।' महादेवी ने सहजता से उत्तर दिया। कुछ महीने बाद अभाग्यवश जवाहरलाल की पत्नी कमला का देहान्त हो गया। वे काफी समय से बीमार थीं। सारा घर शोक में डूब गया। जवाहरलाल को गहरा सदमा पहुंचा था। उनकी आंखें नम थी पर वे शान्त और गंभीर थे। खादी के सफेद कपड़े पहने, आस्था और श्रद्धा के साथ उन्होंने अपनी जीवन संगिनी का दाह-संस्कार किया। अपनी पत्नी की चिता की भस्म का थोड़ा-सा अंश सहेजकर उन्होंने एक डिबिया में रख लिया। उस डिबिया को वे अपने शयनागार में अपने सिरहाने रखा करते थे। कुछ दिनों के पश्चात महादेवी वर्मा ने उनसे कहा कि, 'अब बताओ जवाहर भाई, तुम आस्तिक हो या नास्तिक?' 'अभी तो आस्तिक हूं।' वे बोले। 'क्या करूं, मन नहीं मानता कि कमला नहीं है। मेरे आस-पास चारों ओर उसी का चेहरा घूमता दिखाई देता है।' वे भाव विह्वल हो उठे थे।

सामयिक

# पंजाब में शुरू हुआ 'आप' का काउंटडाउन?

**योगेश कुमार गोयल**
मोबाइल : 9416740584.




**यह कहना जल्दबाजी होगी कि 7 सांसदों के जाने से आम आदमी पार्टी खत्म हो जाएगी। राजनीति में रिक्तियां हमेशा भर दी जाती हैं। हालांकि यह निश्चित है कि आप अब अपनी सबसे कठिन अग्निपरीक्षा से गुजर रही है। यदि अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान अगले कुछ महीनों में पंजाब और दिल्ली के कैडर को एकजुट रखने में विफल रहे तो 2027 का चुनाव उनके लिए एक राजनीतिक ढ़लान साबित हो सकता है।**

भारत की समकालीन राजनीति में शायद ही कोई घटना इतनी तेजी से राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में आई हो, जितनी राघव चड्ढा सहित सात राज्यसभा सांसदों के आम आदमी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने से आई है। राघव चड्ढा सहित 7 सांसदों का भाजपा में विलय केवल एक खबर नहीं बल्कि आम आदमी पार्टी के 15 साल के इतिहास का सबसे बड़ा 'ब्लैकआउट' है। भारतीय राजनीति के क्षितिज पर यह घटनाक्रम एक बड़े पॉलिटिकल अर्थक्रेक' के रूप में दर्ज हो गया है। आम आदमी पार्टी (आप) के 'पोस्टर बॉय' माने जाने वाले राघव चड्ढा सहित राज्यसभा के 7 सांसदों का एक साथ पाला बदलकर भाजपा में शामिल होना न केवल आप' के लिए एक अस्तित्वगत संकट है बल्कि यह देश की राजनीति की दिशा और दशा बदलने वाला घटनाक्रम भी है। यह सिर्फ दल-बदल नहीं बल्कि सत्ता, विचारधारा और राजनीतिक रणनीति के बीच गहरे संघर्ष का संकेत है। जब राज्यसभा में पार्टी के कुल 10 में से 7 सांसद (दो-तिहाई बहुमत) एक साथ अलग होकर भाजपा में विलय करने का निर्णय लेते हैं तो यह दलबदल नहीं, एक वैचारिक और संगठनात्मक विद्रोह का प्रतीक बन जाता है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब भारतीय राजनीति 2027 के बड़े चुनावी चक्र की ओर बढ़ रही है। ऐसे में इस घटनाक्रम ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या 'आप' का 'पंजाब किला' अब ढ़हने के कगार पर है? क्या 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव की पटकथा अभी से लिखी जा चुकी है? और सबसे बड़ा प्रश्न कि क्या यह 'आप' के पतन की शुरुआत है या फिर एक अस्थायी राजनीतिक झटका?

### 'आप' के अस्तित्व पर खड़ा सबसे बड़ा सवाल

आम आदमी पार्टी ने इस पूरे घटनाक्रम को केवल राजनीतिक असहमति नहीं बल्कि लोकतंत्र पर सुनियोजित प्रहार करार दिया है। पार्टी नेतृत्व का स्पष्ट आरोप है कि केंद्रीय एजेंसियों के भय, दबाव और राजनीतिक प्रलोभनों के माध्यम से उसके सांसदों को तोड़ा गया, जिसे वह संस्थागत दुरुपयोग की श्रेणी में रखती है। यह आरोप भारतीय राजनीति में सत्ता बनाम विपक्ष की उस पुरानी बहस को फिर जीवित कर देता है, जहां नैतिकता और रणनीति आमने-सामने खड़ी दिखाई देती हैं। संवैधानिक दृष्टि से यह कदम और भी दिलचस्प हो जाता है। दलबदल विरोधी कानून की तकनीकी बारीकी (दो-तिहाई सदस्यों के एक साथ अलग होने की शर्त) का उपयोग करते हुए राघव चड्ढा के नेतृत्व में सात सांसदों का भाजपा में विलय यह संकेत देता है कि यह केवल भावनात्मक निर्णय नहीं बल्कि गहन कानूनी सलाह और रणनीतिक योजना का परिणाम था। सबसे गंभीर आघात वैचारिक स्तर पर है। जब भीतर से ही यह स्वर उठे कि पार्टी अपने मूल सिद्धांतों से भटक गई है तो यह केवल संगठनात्मक संकट नहीं बल्कि पहचान के संकट का संकेत बन जाता है और यही चुनौती आप' के लिए सबसे कठिन परीक्षा है।

### पंजाब की राजनीति और 2027 का रण

पंजाब की राजनीति में उठी यह हलचल महज दल-बदल नहीं बल्कि सत्ता समीकरणों के पुनर्गठन का संकेत है। इस विद्रोह का सबसे गहरा असर पंजाब की सियासत पर पड़ना तय है।

राज्यसभा में पंजाब का प्रतिनिधित्व करने वाले चेहरे (हरभजन सिंह, अशोक मित्तल, संजीव अरोड़ा और विक्रमजीत सिंह साहनी) का पार्टी से अलग होना आप' की उस सामाजिक पकड़ को कमजोर करता है, जो विविध वर्गों के प्रतिनिधित्व से बनी थी। यह बदलाव केवल संख्या का नहीं बल्कि भरोसे और प्रभाव का क्षरण है। सबसे बड़ी चुनौती भगवंत मान के सामने है। यह उनके नेतृत्व और राजनीतिक संतुलन की सीधी परीक्षा है। राघव चड्ढा को लंबे समय तक सरकार और संगठन के बीच रणनीतिक कड़ी माना जाता रहा, उनके हटने से यह संतुलन डगमगाता दिख रहा है।

दूसरी ओर, भाजपा इस घटनाक्रम को अवसर में बदलने की कोशिश में है। भाजपा पंजाब में हमेशा से एक 'छोटा भाई' (अकाली दल के साथ) बनकर रही है लेकिन 7 सांसदों के आने से, जिनमें सिखों और उद्योगपतियों का प्रतिनिधित्व है, भाजपा अब 2027 में 'अकेले दम' पर सरकार बनाने का सपना देख रही है। अब तक सहयोगी राजनीति तक सीमित रही भाजपा अब पंजाब में स्वतंत्र शक्ति बनने की दिशा में आक्रामक कदम बढ़ाती दिख रही है और 2027 का रण अब पहले से कहीं अधिक खुला और अनिश्चित हो गया है।

### क्या खत्म हो जाएगी 'आप'?

इतिहास गवाह है कि क्षेत्रीय दल जब ऐसे बड़े विद्रोह का सामना करते हैं तो अक्सर वे या तो बिखर जाते हैं या फिर सिमटकर रह जाते हैं लेकिन आप की स्थिति थोड़ी भिन्न है। इसका सबसे बड़ा कारण है अरविंद केजरीवाल का व्यक्तित्व। आम आदमी पार्टी का आधार अरविंद केजरीवाल की व्यक्तिगत 'ब्रांडिंग' पर टिका है। जब तक दिल्ली और पंजाब जैसे अहम राज्यों में उनका जनाधार सुरक्षित है, तब तक 'आप' का पूर्ण पतन लगभग असंभव प्रतीत होता है। इसके समानांतर, 'आप' की ताकत उसका विकसित कैडर ढांचा है। आप ने पिछले एक दशक में एक मजबूत कैडर तैयार किया है। हालांकि शीर्ष स्तर पर योगेंद्र यादव, प्रशांत भूषण और अब राघव चड्ढा जैसे प्रमुख चेहरों का अलग होना पार्टी को बड़ा झटका देता है लेकिन जमीनी कार्यकर्ता अब भी पार्टी की विचारधारा से जुड़े हैं। एक वैकल्पिक, जनोन्मुख और व्यवस्था-विरोधी नेता की केजरीवाल की छवि अब भी पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी बनी हुई है।

### आप के लिए अग्निपरीक्षा का समय

यह कहना जल्दबाजी होगी कि 7 सांसदों के जाने से आम आदमी पार्टी खत्म हो जाएगी। राजनीति में रिक्तियां हमेशा भर दी जाती हैं। हालांकि यह निश्चित है कि आप अब अपनी सबसे कठिन अग्निपरीक्षा से गुजर रही है। यदि अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान अगले कुछ महीनों में पंजाब और दिल्ली के कैडर को एकजुट रखने में विफल रहे तो 2027 का चुनाव उनके लिए एक राजनीतिक ढ़लान साबित हो सकता है। दूसरी ओर, भाजपा ने इस मास्टरस्ट्रोक' के जरिए यह संदेश दे दिया है कि वह दिल्ली और पंजाब की सत्ता के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। बहरहाल, 'आप' के लिए चुनौती अब केवल चुनाव जीतना नहीं बल्कि अपने अस्तित्व और साख को बचाए रखना है।

नजरिया

# बिहार-नेपाल सीमा पर हो रहे बड़े बदलाव

**अशोक भाटिया**
मोबाइल : 9221232130



**बालेन सरकार का तर्क है कि यह कदम स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने और राजस्व बढ़ाने के लिए उठाया गया है। लेकिन जमीनी स्तर पर इसका असर आम लोगों और छोटे कारोबारियों पर ज्यादा दिखाई दे रहा है।विशेषज्ञों का मानना है कि भारत और नेपाल के बीच 1950 की संधि के तहत खुले व्यापार और आवागमन की जो परंपरा रही है, उस पर इस तरह के एकतरफा फैसले असर डाल सकते हैं। चूंकि भारत और नेपाल सिर्फ बॉर्डर नहीं हैं बल्कि संबंधों की डोर है।**

नेपाल कहने को अलग देश है लेकिन सीमावर्ती इलाकों में जाइए तो पता नहीं चलता कहां भारत खत्म होता है कि और कहां से नेपाल शुरू। इसकी एक ऐतिहासिक वजह रही है कि दोनों देशों की सीमाएं सामान्य नागरिकों में भेद नहीं करती। यहां के बाजार उनके लिए खुले हैं, वहां के सामान यहां आराम से आते हैं। दरअसल दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ रिश्तों के नीचे यही आवागमन की सुगमता बुनियाद है। लेकिन हाल फिलहाल में कुछ ऐसा हुआ है जिससे इस बुनियाद के दरकने का डर पैदा हो गया है। नेपाल की बालेन सरकार के इस नए फैसलों ने इस 'सहज संबंध' पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दोनों देशों में इस फैसले का विरोध हो रहा है। सीमा पर बढ़ती सख्ती, कस्टम ड्यूटी की वसूली और वाहनों की जब्ती जैसी घटनाओं ने दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति पैदा कर दी है। सीतामढ़ी जिले के भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में हाल ही में जो घटनाएं सामने आईं, उन्होंने इस बदलते माहौल को और स्पष्ट कर दिया है। सोनबरसा प्रखंड के इंदरवा के पास नेपाली सुरक्षाकर्मियों द्वारा भारतीय वाहनों को रोककर जब्त किए जाने से अचानक तनाव फैल गया। बताया जाता है कि नेपाल जाने वाले भारतीय नागरिकों के वाहनों को रोका गया और कुछ मामलों में अभद्र व्यवहार की शिकायत भी सामने आई। इस घटना ने स्थानीय लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है। घटना के विरोध में भारतीय पक्ष के लोगों ने भी नेपाल से आने वाले वाहनों को रोक दिया। देखते ही देखते सीमा पर हंगामे जैसी स्थिति बन गई और दोनों तरफ आवाजाही बाधित हो गई।

स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल को हस्तक्षेप करना पड़ा। उनके प्रयासों के बाद नेपाल में जब्त किए गए वाहनों को छोड़ा गया, तब जाकर हालात सामान्य हो सके। दरअसल, यह तनाव केवल एक घटना तक सीमित नहीं है। इसके पीछे नेपाल सरकार का हालिया सख्त कस्टम नियम भी बड़ा कारण बनकर सामने आया है। नेपाल की बालेन सरकार ने पुराने नियम को सख्ती से अनुपालन करा रहे हैं।

नेपाल ने नया प्रावधान लागू करते हुए भारत से ले जाए जाने वाले 100 रुपये से अधिक मूल्य के सामान पर कस्टम ड्यूटी अनिवार्य कर दिया है। यह शुल्क 5 प्रतिशत से लेकर 80 प्रतिशत तक हो सकता है। इसके चलते भारत-नेपाल से सटे बिहार के इलाके वाले कस्बों के बाजार में मंदी आ गई है।

नेपाल बॉर्डर पर आने वाले ज्यादातर ग्राहक नेपाली थे, जिन्हें कम कीमत में सामान मिल रहा था। मोतिहारी के रक्सौल बॉर्डर पर भी स्थिति अलग नहीं है। यहां से नेपाल के बीरगंज तक रोजाना बड़ी मात्रा में सामान जाता था, लेकिन अब व्यापार लगभग ठप होने की कगार पर है।व्यापारियों का कहना है कि 100 रुपये से ऊपर हर सामान पर टैक्स लगने से लागत बढ़ जाएगी और ग्राहक खरीदारी से पीछे हट जाएंगे। इससे छोटे व्यापारियों और मजदूरों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। फिर नेपाल से कटे बिहार के कुछ जिलों में नेपाली वाहनों को पेट्रोल-डीजल देने पर रोक लगा दी गई है। इससे सीमावर्ती इलाकों में लोगों को बहुत तकलीफ हो रही है। दरअसल नेपाल में पेट्रोल की कीमत 31 रुपये ज्यादा है। रोक के पीछे वजह बताई जा रही है कि यहां से पेट्रोल-डीजल की तस्करी हो रही है। हालांकि, आपात स्थिति में 50 से 100 रुपये की पेट्रोल-डीजल देने की इजाजत है। अररिया, किशनगंज में सीमा से सटे पेट्रोल पंप काफी हद तक नेपाली खरीदारों से भरे रहते थे। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। नेपाल वैसे भी पेट्रोल-डीजल के लिए भारत पर बहुत निर्भर रहता है लेकिन ईरान युद्ध के कारण स्थिति और विकट हो गई है।

बालेन सरकार का तर्क है कि यह कदम स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने और राजस्व बढ़ाने के लिए उठाया गया है। लेकिन जमीनी स्तर पर इसका असर आम लोगों और छोटे कारोबारियों पर ज्यादा दिखाई दे रहा है।विशेषज्ञों का मानना है कि भारत और नेपाल के बीच 1950 की संधि के तहत खुले व्यापार और आवागमन की जो परंपरा रही है, उस पर इस तरह के एकतरफा फैसले असर डाल सकते हैं। चूंकि भारत और नेपाल सिर्फ बॉर्डर नहीं हैं बल्कि संबंधों की डोर है। सबसे बड़ी चिंता 'रोटी-बेटी' के उस रिश्ते को लेकर है, जो वर्षों से दोनों देशों को जोड़ता आया है। सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों के पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक संबंध दोनों तरफ फैले हुए हैं।: अगर इसी तरह सख्ती और नियम बढ़ते रहे, तो यह संबंध केवल कागजों तक सिमट कर रह सकता है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में जरूर है, लेकिन आने वाले दिनों में यह मुद्दा भारत-नेपाल संबंधों के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है। सवाल यह भी है कि भारत के हाथ से नेपाल छूटा तो क्या होगा ?कुल मिलाकर युद्ध हो रहा है ईरान-अमेरिका-इजरायल में और लकीरें खिंच रही हैं भारत-नेपाल बॉर्डर पर। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जो भी मजबूरियां हो लेकिन इससे सीमा के दोनों तरफ आम लोगों को इससे दुश्वारियां हो रही हैं। ये इलाका ऐसा रहा है जहां सीमा के आर-पार रोटी-बेटी का रिश्ता है। दोनों इलाके पूरी तरह से एक दूसरे पर निर्भर करते हैं। खान-पान, बोल चाल, परंपराएं सब एक जैसी है। लेकिन अब ये सब अस्त व्यस्त हो रहा है। नेशनल लेवल पर ये भी ख्याल रखना चाहिए कि जैसे ही भारत के हाथ से नेपाल छूटता है, चीन उसके लिए बाहें फैला कर खड़ा रहता है।

भारत के विदेश मंत्रालय ने संज्ञान लेते हुए अपनी कार्यवाही की व बताया कि 'हमने एक वरिष्ठ नेपाली अधिकारी का यह बयान भी देखा है कि निजी इस्तेमाल के लिए घरेलू सामान ले जा रहे आम लोगों को नहीं रोका जाएगा।'भारत के बिहार राज्य की सीमा नेपाल से लगती है। ऐसे में नेपाल के लोग बिहार आकर अपनी जरूरत का सामान ले जाते थे। अब विदेश मंत्रालय के बयान से साफ है कि निजी इस्तेमाल के लिए सामान ले जाने वाले लोगों को बिहार बॉर्डर पर नहीं रोका जाए। उधर भारत ने चाय के आयात को लेकर नये नियम बनाए हैं जो 1 मई से लागू होने वाले हैं। इस नये नियम से लेकर नेपाली निर्यातकों की नींद उड़ गई है। नेपाल के चाय निर्यातकों ने चेतावनी दी है कि भारत के इस फैसले के बाद नेपाल से विदेशी मुद्रा कमाने वाले प्रमुख क्षेत्रों में भारी रुकावट आ सकती है। दरअसल टी बोर्ड इंडिया ने एक नई अधिसूचना जारी की है जिसके मुताबिक 1 मई से भारत आने वाली चाय की सभी खेपों की सख्त जांच की जाएगी जिसमें नेपाल चाय की जांच भी शामिल है। सरकार ने किसी भी देश से आने वाले चाय की सख्त लैब टेस्ट के आदेश दिए हैं जिसका मकसद मिलावट को रोकने और चाय की क्वालिटी को सुनिश्चित करना है। जो नोटिफिकेशन जारी किया गया है उसके स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (SOP) के तहत आयात की गई हर खेप की सैंपलिंग और टेस्टिंग की जाएगी। हालांकि इंस्टेंट टी और पीने के लिए तैयार चाय (रेडी-टू-ड्रिंक टी) को इससे छूट दी गई है। माना जा रहा है कि दार्जिलिंग के चाय उत्पादकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को माना गया है। वो लंबे समय से शिकायत कर रहे थे कि नेपाल की सस्ती चाय को 'दार्जिलिंग टी' बताकर बेचा जा रहा है जिससे उनका बाजार गिर रहा है। भारत के इस कड़े रुख को उसी 'ब्रांड सुरक्षा' से जोड़कर देखा जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### फलोदी में 30 अप्रैल को जिला स्तरीय कांग्रेस कार्यक्रम, कई वरिष्ठ नेता रहेंगे मौजूद

**चमकता राजस्थान/अनिल सैन/फलोदी।** पूरे प्रदेश में चल रहे ''संगठन बढ़ाओ और लोकतंत्र बचाओ अभियान'' के तहत जिला कांग्रेस कमेटी फलोदी के तत्वावधान में 30 अप्रैल को जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम टाउन हॉल (नगर परिषद परिसर) फलोदी में प्रातः 11 बजे आयोजित होगा।

कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं फलोदी जिले के संगठन प्रभारी रामविलास चौधरी, बाड़मेर सांसद एवं मनरेगा बचाओ संघर्ष समिति के कोऑर्डिनेटर उम्मेदा राम बेनीवाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री शाले मोहम्मद, लोकसभा प्रत्याशी करण सिंह उच्चियारडा, लोहावट प्रत्याशी किशना राम बिश्नोई तथा फलोदी प्रत्याशी प्रकाश छंगाणी सहित जिले के कई वरिष्ठ स्थानीय नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद सलीम नागौरी ने बताया कि जिला स्तरीय आमसभा से पूर्व उसी दिन सुबह 10:30 बजे जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय का उद्घाटन एवं अध्यक्ष मोहम्मद सलीम नागौरी का पदभार ग्रहण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिले भर के कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु न्यायिक अधिकारियों की बैठक आयोजित की



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार 09.मई .2026 को आयोजित होने वाली द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के संबंध में श्री हारून, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ब्यावर की अध्यक्षता में ब्यावर मुख्यालय पर न्यायिक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु विस्तृत चर्चा की गई तथा राजीनामा योग्य अधिकाधिक प्रकरणों को लोक अदालत में रैफर कर प्रभावी प्री-काउंसलिंग के माध्यम से लोक अदालत की भावना से निस्तारण करने के निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारीगण डॉ. वीनू नागपाल, एडीजे नं. 1, ब्यावर, गिरीजा भारद्वाज, एडीजे नं. 2, ब्यावर, विजयप्रकाश सोनी, एडीजे नं. 3, ब्यावर, कमल कुमार, सीजेएम, ब्यावर, प्रवीण चौहान, एसीजेएम नं. 1, ब्यावर, पंकज सांखला, एसीजेएम नं. 3, ब्यावर, ब्रह्मानंद शर्मा, एसीजेएम नं. 2, ब्यावर, प्रवीण शंकर, एमजेएम, ब्यावर, मौनिका चौधरी, जेएम नं. 1, ब्यावर, सुषमा जाखड़, जेएम नं. 2, ब्यावर, सतीश फनीन, जेएम नं. 3, ब्यावर तथा हर्षित शर्मा, विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट, एन.आई. एक्ट प्रकरण, ब्यावर उपस्थित रहे।

### अवैध खनन के खिलाफ जिला पुलिस व खनिज विभाग की संयुक्त कार्यवाही

- **अवैध बजरी से भरे 02 वाहन ट्रेलर व डम्पर जब्त**

**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह ने बताया कि अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा के निकट सुपरविजन में अवैध बजरी खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु राज्य सरकार के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस व खनिज विभाग द्वारा संयुक्त दो अलग अलग कार्यवाही करते हुए 25.अप्रैल .2026 को ट्रेलर नंबर फ्ख 23 ऋ्ब 5581 को रोक कर चैक किया गया तो उक्त वाहन में बजरी भरी पाई गई। जिसके सबंध में वाहन चालक से वैध दस्तावेज (रवना) चाहा गया तो कोई वैध दस्तावेज (रवना) नहीं होने पर खनिज विभाग द्वारा बजारी से भरे वाहन को मौके पर जब्त किया गया। इस क्रम में 28.अप्रैल .2026 को जिला पुलिस व खनिज विभाग द्वारा संयुक्त टीमों द्वारा सघन अभियान चलाते हुए एक बिना नंबर का डम्पर, जिसका चेसिस नंबर टअळ77012ठ3अ00139 को रोक कर चेक किया गया तो बिना नंबरी डम्पर में बजरी भरी पाई गई। जिसके सबंध में वाहन चालक से वैध दस्तावेज (रवना) चाहा गया तो कोई वैध दस्तावेज (रवना) नही होने पर खनिज विभाग द्वारा बजारी से भरे वाहन को मौके पर जब्त किया गया। उक्त दोनों वाहनों के विरुद्ध खनिज नियमों एवं प्रचलित विधिक प्रावधानों के अंतर्गत अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। इस संयुक्त कार्यवाही में जिला पुलिस व खनिज विभाग की सक्रिय भूमिका रही, दोनो टीमो द्वारा आपसी समन्वय स्थापित करते हुए 02 प्रभावी कार्यवाही को अंजाम दिया गया। अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार सख्त एवं निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।

### रूचि से रोजगार तक का सफर संगोष्ठी का आयोजन



**चमकता राजस्थान/मनीष मेहता जोधपुर।** श्री महालक्ष्मी शिक्षण संस्थान की इकाई लक्ष्मी देवी मून्दड़ा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को सही दिशा देने के उद्देश्य से एक प्रेरक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी रूचि, कौशल और आय के संतुलन के आधार पर उचित व्यवस्था चुनने के लिए जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में मनोवैज्ञानिक एवं परामर्शदाता अंशिका धूत ने अपने विचार रखते हुए बताया कि केबल उपाधि प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि समय की आवश्यकता के अनुसार अपने कौशल का विकास करना और अपनी रूचि को ही कार्य में बदलना ही सच्ची सफलता का मार्ग है। उन्होने विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचानने और उन्हें निखारने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के अध्यक्ष श्री अनिल धूत ने कहा कि जब विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार विषय का चयन करते है, तो शिक्षा बोझ नहीं लगती, बल्कि वह एक लगन बन जाती है, जो उन्हें निरन्तर बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

# मसूरी, प्रशासन की अनदेखी के कारण होती जा रही बे.....सूरी

चमकता राजस्थान



**देहरादून/मसूरी (दीपक शर्मा बामनवास)।** पर्यटकों की पसंदीदा मसूरी एक ऐसा हिल स्टेशन जो नाम सुनते ही हर एक शख्स रोमांचित हो उठता है, हो भी क्यों नहीं पहाड़ों की रानी जो है। मसूरी की प्राकृतिक सौंदर्य हर एक को अपनी ओर खींचता है। आज के समय में मसूरी पर्यटकों की पहली पसंदीदा पर्यटक स्थल के रूप में उभरता दिखाई दे रहा है, पर्यटकों की आवाजाही की वजह से यहां का होटल व्यवसाय और स्थानीय लोगों को रोजगार चल रहा है।

मसूरी जितना आकर्षक लगता है उससे ज्यादा अब दिन बे दिन इस पर्यटक स्थल का हाल बेहाल होता दिखाई दे रहा है बाह-री पर्यटक यहां सुकून व शुद्ध आबोहवा लेने के लिए दूरस्थ प्रदूषण भरे शहरी स्थानों से कुछ दिनों के लिए समय व्यतीत करने के लिए परिवार सहित आते है। लेकिन शहरों की तरह यहां भी कई तरह के प्रदूषण देखने को मिल रहे है स्थानीय लोगों और बाह-री लोगों का कहना है कि मसूरी जितना पहले शांत और प्रदूषण से दूर था उतना ही अब प्रशासन की अनदेखी की वजह से हाल बेहाल होते जा रहे हैं,आए दिन बाहरी असामाजिक तत्वों को एक दूसरे के साथ उलझते देखा जा सकता है साथ ही आम रास्तों पर सरेआम शराब पीते हुए देखे जा सकते हैं जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

पर्यटक शहरों से ध्वनि प्रदूषण से राहत के लिए दूर दराज से मसूरी की पहाड़ियों की सैर करने आते है लेकिन पर्यटकों का कहना है कि यहां पर बाइक, और चौपहिया वाहनों में लगे अवैध पटाको वाले साइलेंसर की तेज़ आवाज से वाहनों को बिना किसी रोक टोक के दौड़ाते हुए देखे जा सकते हैं जिससे स्थानीय लोगों के साथ साथ वन्य जीवो को हर समय परेशानी होती है। ये तेज़ आवाज के वाहनों की अनिश्चित रफ्तार की वजह से कई बार भयंकर हादसों का सामना करना पड़ता है जिससे जान माल का कई बार नुकसान पर्यटकों ने झेला है। अगर इस और संबंधित अधिकारियों का ध्यान केंद्रित हो तो काफ़ी हद तक पर्यटक इन परेशानियों से बच सकते हैं।

# भारतीय रिजर्व बैंक गवर्नर ने जिले के वित्तीय साक्षरता शिविर का किया दौरा

चमकता राजस्थान



**देहरादून। (दीपक शर्मा बामनवास)** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर श्री संजय मल्होत्रा ने देहरादून जिले के भोपालपानी, बडासी और सौड़ा सरौली ग्राम पंचायतों के स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के लिए क्रिसिल फाउंडेशन के सहसपुर स्थित वित्तीय साक्षरता केंद्र (CFL) द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता शिविर का दौरा किया।

इस मौके पर उन्होंने वित्तीय साक्षरता के महत्व पर ज़ोर देते हुए नागरिकों को सशक्त बनाने की बात कही। फ्ढक गवर्नर ने वित्तीय जागरूकता, समृद्धि और दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देने, भारत सरकार की विभिन्न पेंशन तथा बीमा संबंधित सामाजिक योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने सीएफएल अधिकारियों से समाज के सभी वर्गों,विशेष रूप से दूरदराज और वंचित क्षेत्रों में रहने वालों को शिक्षित करने के लिए और अधिक प्रयास करने का आह्वान किया, ताकि वित्तीय समावेशन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने प्रतिभागियों से ऐसे शिविरों के दौरान प्राप्त वित्तीय जागरूकता को अपने परिवार के सदस्यों,मित्रों और पड़ोसियों के साथ साझा करने का आग्रह किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों से भी बातचीत की।

शिविर में बिजनेस कॉरेस्पोंडेंटों द्वा-रा बुनियादी बैंकिंग सुविधाओं सहित कई सेवाएं उपलब्ध कराई गई। शिविर स्थल पर सिक्के और नोट बदलने के लिए काउंटर भी स्थापित किए गए थे। इस मौके पर एक मोबाइल एटीएम वैन उपलब्ध थी तथा कुछ स्वयं सहायता समूहों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन भी किया, जिसमें गवर्नर ने काफी रुचि दिखाई और सराहना की।

इस मौके पर क्षेत्रीय निदेशक, आरबीआई, देहरादून श्री अरविंद कुमार सहित भारतीय रिज़र्व बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के वरिष्ठ अधिकारी तथा खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

## क्योंकि में शक्ति हूँ



**प्रियंका पुरोहित**

मैं सृजन-सुमनों को पिरोती हूँ
संवेदना-हार बनाती हूँ;
जब प्रेम-सुधा से जग न समझे,
टेढ़ी भृकुटि फैलाती हूँ
क्योंकि मैं शक्ति हूँ

मैं दया, प्रेम, प्रार्थना पथ में
मृदु वाणी बन कर बहती हूँ;
पर दानवता जब बढ़ जाती,
मैं ज्वाला बनकर कहती हूँ।
क्योंकि मैं शक्ति हूँ।

मैं केवल अस्तित्व नहीं हूँ,
अस्मिता भी गढ़ जाती हूँ;
मैं नवयुग की चेतन रेखा,
इतिहास नया लिख जाती हूँ।
क्योंकि मैं शक्ति हूँ।

मैं बांसुरी की मधुर तान हूँ,
मैं रणभेरी की गर्जना हूँ;
मैं करुणा की शीतल छाया,
मैं परिवर्तन का स्पंदन हूँ।
क्योंकि मैं शक्ति हूँ।
प्रेमिल स्वर की मैं ही राधा हूँ
प्रेम बाँसुरी की मैं धारा
पर अन्याय के घोर क्षणों मे मैं ही रणचंडी दुर्गा हूँ
क्योंकि मैं शक्ति हूँ
मैं जीवन मंत्र सुनाती हूँ सृजन, संरक्षण, क्रांति स्वरूपा,
हर युग में राह दिखाती हूँ।
क्योंकि मैं शक्ति हूँ।

### पशुपालन विभाग कृषि कार्य से संबंधित संपूर्ण जानकारी ग्रामीणों को अवगत करवाई



**चमकता राजस्थान/बाड़मेर बायतु / गोरधन सिंह।** बागड़वा ग्राम पंचायत बूटसरा में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से संबंधित किसानों को अवगत करवाया किस योजना से संबंधित कितना फायदा मिलता है पशुपालन विभाग कृषि विभाग से संबंधित सभी सरकारी योजनाओं का ग्रामीणों को अवगत करवाया और ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया इस मौके पर विकास अधिकारी बायतु/ पशुपालन विभाग से देवेंद्र चौधरी अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

### रणथंभौर में बाघ टी 2402 कि मौत, हिन्दवाड़ रेंज में मृत मिला बाघ

**चमकता राजस्थान/राकेश अग्रवाल/ सवाई माधोपुर।** रणथंभौर नेशनल पार्क से एक बड़ी खबर सामने आई जहां नेशनल पार्क की फलोदी रेंज के हिन्दवाड़ घने वन क्षेत्र में बाघ टी 2402 का शव वन कर्मियों को पहाड़ी के शीर्ष पर नजर आया। वन कर्मियों के द्वारा इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी गई । जिसके बाद वन विभाग के डीएफओ मानस सिंह टीम के द्वारा मौके पर पहुंचे। जिसके बाद वन कर्मियों द्वारा बाघ के शव को अपने कब्जे में कर राजबाग नाका चौकी लाया गया। जहा वन विभाग ओर प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में टाइगर के शव का पोस्मार्टम किया गया।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व से ही इस बाघ की गतिविधियों पर निगरानी की जा रही थी। क्योंकि वन विभाग को इसके टेरेटरी क्षेत्र में दूसरे वयस्क नर बाघ द्वारा कब्जा किए जाने के संकेत मिल रहे थे। जिसको लेकर वन विभाग द्वारा क्षेत्र में लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा था। जानकारी के अनुसार प्रथम दृष्टया बाघ टी 2402 कि मौत का कारण बाघों के बीच क्षेत्रीय संघर्ष टेरोटेरियल फाइट माना जा रहा है।

वही रणथंभौर के सीसीएफ शारदा प्रताप सिंह ने बताया कि फलोदी रेंज में करीबन साढ़े तीन वर्ष का एक टाइगर था,जो करीबन एक माह से विभाग के कैमरा ट्रेप मैं नही आ रहा था। सीसीएफ ने बताया कि टाइगर को ट्रेप करने के लिए वन विभाग द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा था। रेंज फलोदी ओर वहां से जहां जहां भी पहले टाइगर गए हैं। जिसमें इंद्रगढ़ है । आरबीटीआर ओर मध्यप्रदेश क्षेत्र में भी टाइगर को तलाशा गया।

## मानक क्लब के अंतर्गत तकनीकी क्विज का आयोजन

# मानकों की समझ के साथ बायोगैस पर ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता

### विद्यार्थियों में नवीकरणीय ऊर्जा व गुणवत्ता जागरूकता को मिला बढ़ावा

चमकता राजस्थान




**खरगोन।** शासकीय स्नातकोत्तर (अग्रणी) महाविद्यालय,खरगोन में मानक क्लब के अंतर्गत ''बायोगैस (बायोमीथेन) प्लांट'' विषय पर ज्ञानवर्धक एवं तकनीकी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय मानकों, गुणवत्ता एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उनकी तकनीकी समझ को सुदृढ़ करना रहा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. डीएस बामनिया ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में गुणवत्ता आधारित सोच विकसित करते हैं और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। वहीं माइक्रो बायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. केएस बघेल ने भारतीय मानक ब्यूरो के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में मानकीकरण आधारित तकनीकी ज्ञान अत्यंत आवश्यक है, विशेषकर बायोगैस जैसी स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों के लिए।इस अवसर पर आयोजित तकनीकी क्विज प्रतियोगिता में बायोगैस की संरचना, प्लांट के घटक,फीडस्टॉक, तापमान तथा ऑर्गेनिक लोडिंग रेट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रश्न पूछे गए। बहुविकल्पीय प्रश्न, रैपिड फायर एवं विश्लेषणात्मक राउंड के माध्यम से प्रतिभागियों की तकनीकी दक्षता का मूल्यांकन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।कार्यक्रम का समापन मानक क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश चौधरी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. ऐश्वर्या दिलावरे ने किया। इस अवसर पर प्रो. राजेन्द्र सिंह चौहान, प्रो. सुनैना चौहान, प्रो. ललित कुमार भटानिया, प्रो. संतोष कुमार राठौड़, प्रो. अमिका बिरले सहित मानक क्लब के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## हिंदुस्तान ओलंपियाड 2025:

### लक्ष्मी चौधरी ने 6 लाख बच्चों को पछाड़कर हासिल किया तीसरा स्थान, सहारनपुर का बढ़ाया मान



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सरसावा/सहारनपुर।** सरसावा के वरिष्ठ पत्रकार शक्ति चौधरी की सुपुत्री लक्ष्मी चौधरी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 'हिंदुस्तान ओलंपियाड 2025' में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। देशभर के लगभग 6 लाख विद्यार्थियों की भागीदारी वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में लक्ष्मी ने अपनी मेधा के दम पर तीसरा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में सहारनपुर के एक भव्य कार्यक्रम में लक्ष्मी को सम्मानित किया गया, जहां मुख्य अतिथि के रूप में मेयर अजय कुमार और ट्रेनी क्ढर सिमरन सिंह उपस्थित रहे। साथ ही नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी, विधायक देवेंद्र निम, विधायक चौधरी कीरत सिंह, हरी कॉलेज के संस्थापक व ब्ला-क अध्यक्ष सुभाष चौधरी जैसे गणमान्य व्यक्तियों ने लक्ष्मी को स्मृति चिह्न प्रदान कर प्रोत्साहित किया। मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल की छात्रा लक्ष्मी की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार को गौरवान्वित किया है, बल्कि पूरे सरसावा कस्बे और सहारनपुर जिले में हर्ष की लहर दौड़ा दी है। उनकी इस सफलता पर शिक्षाविदों और स्थानीय नागरिकों ने लक्ष्मी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए पत्रकार शक्ति चौधरी को हार्दिक बधाई दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### हड़ताल पर रहे खाद- बीज व्यापारी, लंबित मांगों के समर्थन में बंद रखें प्रतिष्ठान



**चमकता राजस्थान/खरगोन।** अपनी लंबित मांगों को लेकर सोमवार को कृषि आदान व्यापारियों ने एकजुटता दिखाई। कृषि आदान विक्रेता संघ के आ''ान पर जिलेभर में प्रतिष्ठान बंद रखे। खाद- बीज, कीटनाशक की बिक्री पर पूरी तरह रोक रही।व्यापारी सुबह सब्जी मंडी पार्क में एकत्रित हुए। यहां से बाईक रैली के रुप में कलेक्ट्रेट एवं विधायक कार्यालय पहुंचे। अलग- अलग ज्ञापन सौंपकर मांगें पूरी करने की मांग की। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि उनकी जायज मांगों पर ध्यान नही दिया गया तो आगामी समय में अनिश्चितकालीन हड़ताल को बाध्य होंगे। संघ के प्रदेश पदाधिकारी विनोद जैन, जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह चावला ने बताया कि पिछले एक दशक से लगातार अपनी समस्याएं उठा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। यह है मांगें उर्वरक कंपनियों द्वारा सब्सिडी वाले खाद के साथ अन्य उत्पादों की कि जा रही टेंकिंग बद की जाए। खाद की आपूर्ति सीधे विक्रय केंद्र तक सुनिश्चित करें। परिवहन लागत का बोझ व्यापारियों पर न डालें। उर्वरकों पर न्यूनतम 8 प्रतिशत मार्जिन तय करने की मांग भी उठाई गई है। इसके अलावा सैंपल फेल होने पर संबंधित फर्म को दोषी बनाने एवं विक्रेता को गवाह बनाए जाने की मांग की। व्यापारियों ने साथी पोर्टल को ग्रामीण क्षेत्रों में वैकल्पिक बनाने की मांग रखी है। इसके अलावा अन्य मांगें शामिल है।

### कुण्डल अज्ञात कारणों से छप्पर में लगी भीषण आग,1 भैंस की जलकर हुई मौके पर मौत



**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा ।** कुण्डल तहसील मुख्यालय के सामने सोमवार को अज्ञात कारणों से छप्पर में लगी आग। कुण्डल तहसील मुख्यालय में कैलाश चन्द शर्मा र/ड भोरी लाल शर्मा निवासी कुण्डल के घर के छप्पर में अज्ञात कारणों से लगी आग, आग ने देखते ही देखते छप्पर पोश को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे 1 भैंस जिंदा जली, 60 मण तूडा जला,आग बुझाने के दौरान । वही छप्पर में रखा एक बिजली का बोर्ड जलकर हुआ राख। सूचना मिलने पर कोलवा थाना पुलिस अरकरामबाबू व फायर ब्रिगेड विभाग टीम मौके पर पहुंची, तब जाकर आग पर काबू पाया तब तक एक 1 भैंस जिंदा जल चुकी थी और 60 मण तूडा और एक बिजली का बोर्ड जल चुका था ,आग बुझाने के दौरान और भैंस का पोस्टमार्टम करने के लिए डॉक्टर को तहरीर दे दी गई थी उसके बाद डॉक्टर मौके पर पहुंचे और पोस्टमार्टम करवाया गया ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के लिए प्रशासन से मुआवजे की मांग की।

### राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत द्वारा ब्यावर जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह राठौड़ को किया सम्मान



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत RD NEWS द्वारा ब्यावर जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह जी राठौड़ को पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष में बधाई पत्र एवं फऊठएहर द्वारा मोमेंटो शील्ड देकर सम्मानित कर शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह जी ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के अजमेर संभाग अध्यक्ष कमल साहू ने बताया कि राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश प्रसाद चंदेल राष्ट्रीय संगठन प्रभारी भागवत द्विवेदी और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल योगी के निर्देशन में राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत द्वारा बधाई पत्र मैं शुभकामनाएं प्रेषित की और न्यू राजस्थान धरा न्यूज़ संपादक कैलाश चंद माली राजस्थान धड़कन न्यूज़ संपादक बब्रभान वैष्णव के निर्देशानुसार और आशीर्वाद से ब्यावर जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह जी राठौड़ को मोमेंटो शील्ड देकर सम्मान किया और बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की इस दौरान राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत अजमेर संभाग अध्यक्ष कमल साहू ब्यावर जिला अध्यक्ष विजय मेहरानियां जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार माली प्रकाश भट्ट जिला सचिव कपिल सेन तहसील अध्यक्ष कैलाश फुलवारी गौरी शंकर कुमावत और साहू समाज से अनिल कुमार पचौली मौजूद रहे।

# ग्राम विकास रथों को विधायक ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

चमकता राजस्थान



**श्रीगंगानगर (संजय बिश्नोई)** । राज्य सरकार के निर्देशानुसार कृषक, पशुपालकों और ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए जिले की छ. विधानसभा क्षेत्रों के गांवों में एलईडी मोबाइल वैन के माध्यम से ग्राम रथ अभियान का आरम्भ मंगलवार को हुआ। जिला कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में गंगानगर विधायक श्री जयदीप बिहाणी और जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने हरी झण्डी दिखाकर ग्राम विकास रथों को रवाना किया। ये एलईडी मोबाइल वैन निर्धारित रूट के अनुसार गांवों मे जाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे।

आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्री बिहाणी ने कहा कि भारत और राजस्थान सरकार का एक ही नारा है कि समृद्ध किसान तो उन्नत राजस्थान। इसी मंशा के अनुरूप माननीय मुख्यमंत्री द्वारा कृषक, पशुपालकों और ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए जिले की छ. विधानसभा क्षेत्रों के गांवों में एलईडी मोबाइल वैन के माध्यम से ग्राम रथ अभियान आरम्भ किया गया है। मोबाइल वैन के माध्यम से ग्राम विकास रथ जिले की विधानसभाओं में पहुंचकर आमजन को 13 विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार द्वारा जितना विकास करवाया गया है, उतना पहले नहीं हुआ।

जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि ग्रामीण रथ अभियान के कार्यक्रम के अनुरूप प्रत्येक दिन एक कला कत्था द्वारा 4 से 5 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। लोक कला जत्थों का चयन जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा किया जायेगा। जिला स्तरीय चयन समिति के अलावा ब्लॉक स्तरीय समिति रूट चार्ट के अनुसार कार्यक्रम करवाना, कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायेगी। प्रत्येक पंचायत समिति, विधानसभा के लिये संबंधित एसडीएम नोडल अधिकारी होंगे। ग्राम पंचायत स्तरीय मॉनिटरिंग के लिये प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम विकास अधिकारी नोडल अधिकारी रहेंगे। रथों एवं कला जत्थों से संबंधित सम्पूर्ण व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

इस अवसर पर एडीएम प्रशासन श्री सुभाष कुमार, एडीएम सतर्कता श्रीमती रीना, जिला परिषद सीईओ श्री गिरधर बेनीवाल, गंगानगर एसडीएम श्री नयन गौतम, श्री आशुतोष गुप्ता, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## नीमकाथाना में दिनदहाड़े चोरी: पुलिस की लापरवाही पर फिर उठे सवाल, महिला का 1.35 लाख से भरा बैग गायब

चमकता राजस्थान

के. डी. शर्मा सीकर/नीमकाथाना। शहर में कानून व्यवस्था को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। रामलीला मैदान स्थित सर्किल के पास दिनदहाड़े हुई चोरी की वारदात ने आमजन में भय का माहौल पैदा कर दिया है। बेखौफ चोरों ने भीड़भाड़ वाले इलाके में महिला का पैसों से भरा बैग पार कर दिया और मौके से फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता सरोज देवी अपनी सास की पेंशन के 1.35 लाख रुपये बैंक से निकालकर घर लौट रही थी। उनके साथ उनका पति भी मौजूद था। इसी दौरान सर्किल के पास उनकी बाइक अचानक स्टार्ट नहीं हुई। मजबूरी में उनका पति पास ही चाबी ठीक करवाने चला गया।

इसी बीच, कुछ ही मिनटों के अंतराल में अज्ञात चोरों ने मौका पाकर महिला का बैग चोरी कर लिया। बैग में नकदी के अलावा एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक और अन्य जरूरी दस्तावेज भी रखे हुए थे। जब तक महिला कुछ समझ पाती, चोर फरार हो चुके थे।

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुट गई है। हालांकि, अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं लग पाया है।

**● पुलिस पर उठे सवाल**

इस घटना ने एक बार फिर स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में से एक माने जाने वाले स्थान पर इस तरह की वारदात होना सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलता है। लोगों का कहना है कि– दिनदहाड़े चोरी होना पुलिस गश्त की कमी दर्शाता है

**● अपराधियों में कानून का कोई डर नहीं बचा**

हर बार घटनाओं के बाद सिर्फ ''जांच जारी है'' कहकर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है

**● जनता में आक्रोश**

स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि यदि समय रहते पुलिस ने सख्ती नहीं दिखाई तो ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ती जाएंगी।

**● अब क्या?**

फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का दावा कर रही है, लेकिन बड़ा सवाल यही है कि– क्या इस बार भी चोर पकड़ में आएंगे या यह मामला भी बाकी मामलों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा?

## मोयला समाज युथ सेवा संस्थान की बैठक, में नई कार्यकारिणी का गठन शकूर खा,(सागासनी) को अध्यक्ष नियुक्त



**चमकता राजस्थान/राजूराम मेघवाल/चीफ ब्यूरो जोधपुर।** आज दोपहर 2.00 बजे मोयला समाज के न्याति नोहरा, तनावडा जोधपुर में समाज की मोयला समाज युथ सेवा संस्थान जोधपुर की आम बैठक रखीं। जिसमें जोधपुर जिले से मोयला समाज युथ सेवा संस्थान का पुनः सर्वसम्मति से गठन किया गया। बैठक में शकूरखा (सागासनी) को अध्यक्ष, शेर मोहम्मद धवा और कमूखान बोरानाडा को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया, सचिव पद पर अमीन खां, रसीद खा तिंवरी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम के दौरान सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का साफा पहनाकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज के व्दारा जागरूकता, शिक्षा, समाज हित में कार्य करने, समाज उत्थान हेतु अनेको प्रकार के शिविर आयोजित कर समाज में जागरूकता लाने प्रयास किया जाएगा। नवनिर्वाचित मोयला समाज युथ सेवा संस्थान अध्यक्ष ने कहा कि समाज उत्थान हेतु कार्य करने की कोशिश की जाएंगी । समाज हित में शिक्षा पर पूरा जोर देकर प्रचार प्रसार किया जाएगा। समाज में एकता, शांति, विकासशील बनाने का प्रयास किया जाएगा।अन्त पर्व अध्यक्ष फारूक खा ने सभी पदाधिकारियों व आए सभी समाज बन्धुओं का आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष शकूर खा सागासनी बनने की घोषणा के बाद मोयला समाज, और ग्रामीण सागासनी युवा, बुर्जुगों में खुशी लहर दौड़ गई। तथा शाम निवास स्थान पर ग्रामीणजन तथा समाज सेवी व पत्रकार राजू भाई सागासनी ने मालाएं पहनाकर स्वागत किया ।

## ढालोप रघुनाथपीर मेले में रातभर बही भक्ति की सरिता, लोक नृत्यों ने बांधा समां



**चमकता राजस्थान/देसूरी (प्रमोद पाल सिंह मेघवाल)।** मेघवाल समाज के आराध्य रघुनाथपीर, ढालोप का दो दिवसीय मेला श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित हुआ। मेले के प्रथम दिन सोमवार रात्रि को आयोजित भजन संध्या में रातभर भक्ति की सरिता बहती रही, वहीं दूसरे दिन मंगलवार को आयोजित लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया।

श्री रघुनाथपीर धूणी एवं मेघवाल समाज महासभा विकास न्यास के सचिव श्रीपाल मेघवाल ने बताया कि ढालोप गांव में स्थित रघुनाथपीर मेले की शुरुआत सोमवार को कलश यात्रा के साथ हुई। रात्रि में धाम पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायक हेमराज गोयल ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

भजन संध्या के दौरान उपस्थित संतों एवं भामाशाहों का न्यास के पदाधिकारियों द्वारा बहुमान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष मुन्नालाल मेंशन, उपाध्यक्ष पोकरलाल मोबारसा व नारायणलाल हटेला, सचिव श्रीपाल मेघवाल, महामंत्री रूपाराम परिहार, कोषाध्यक्ष मगाराम सोनल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

मंगलवार प्रातः श्री रघुनाथपीर की महाआरती का आयोजन हुआ। इसके पश्चात दोपहर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें कालबेलिया नृत्य, तेराताल नृत्य एवं लोक संगीत की प्रस्तुतियों ने राजस्थानी संस्कृति को सजीव कर दिया। कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु झूम उठे और कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यमंत्री अचलाराम मेघवाल, पूर्व विधायक आत्माराम मेघवाल, डॉ. पी.सी. दीपन एवं प्रशासक सुखलाल गहलोत का बहुमान किया गया। मेले में पाली, जालोर, सिरोही, राजसमंद और उदयपुर जिलों से बड़ी संख्या में मेघवाल समाज के लोगों ने भाग लिया। मेले के सफल आयोजन में संयोजक सुरेंद्र परमार, मेला संरक्षक मेघाराम तथा न्यास के अध्यक्ष मुन्नालाल मेंशन, उपाध्यक्ष पोकरलाल मोबारसा व नारायणलाल हटेला, महामंत्री रूपाराम परिहार, कोषाध्यक्ष मगाराम सोनल, मंत्री रमेश पारंगी, लेखा पर्यवेक्षक मंशाराम बोस, प्रचार मंत्री छोगाराम रणावत, मोहनलाल भाटी, लखमाराम रांगी, संगठन मंत्री महेंद्र माधोकी सहित सभी सदस्यों एवं समाजजनों का विशेष योगदान रहा।

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आटून कला में साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला, छात्र-छात्राओं को डिजिटल युग के खतरों से बचाव की दी जानकारी



**चमकता राजस्थान/राकेश अग्रवाल/सवाई माधोपुर।** जिला मुख्यालय के आटून कला स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी के निर्देशन में ऑपरेशन गरिमा के तहत छात्र-छात्राओं के लिए साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामजीलाल जाट ने बताया कि मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आटून कला में छात्र छात्राओं को साइबर क्राइम को लेकर जागरूक करने के उद्देश्य से एक कार्यशाला आयोजित की गई। प्रधानाचार्य ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करना हे। कार्यशाला में एएसआई कमलेश शर्मा एवं हेड कांस्टेबल भक्तवत्सल द्वारा साइबर अपराधों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने ऑनलाइन ठगी, फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट, ओटीपी फ्रॉड, लिंक के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी जैसे मामलों से सतर्क रहने के उपाय बताए। साथ ही आपातकालीन सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबर 1090 तथा अन्य संबंधित सेवाओं की जानकारी भी विद्यार्थियों को प्रदान की गई। विशेष रूप से विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या लिंक पर तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें और अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। कार्यक्रम के दौरान डिजिटल सुरक्षा से जुड़े व्यावहारिक सुझाव भी साझा किए गए। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य राम जी लाल जाट ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की जागरूकता गतिविधियां वर्तमान समय की आवश्यकता हैं और इससे विद्यार्थियों में सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ेगी। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ सहित छात्र छात्राएं कार्यक्रम में शामिल रहे।

## रायसिंहनगर: भूमि विवाद और कथित उत्पीड़न से परेशान किसान ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र, इच्छामृत्यु की लगाई गुहार

**चमकता राजस्थान/रायसिंहनगर।** क्षेत्र के एक किसान ने भूमि विवाद और कथित उत्पीड़न से तंग आकर देश की राष्ट्रपति को पत्र लिखकर न्याय दिलाने या इच्छामृत्यु की अनुमति देने की मांग की है। यह मामला सामने आने के बाद इलाके में चर्चा का विषय बन गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी टिकूराम पुत्र चैनाराम, निवासी 2 टीके, तहसील रायसिंहनगर, ने अपने पत्र में बताया कि उसके पिता ने वर्ष 1981 में चक 2ळङ की जमीन खरीदी थी, जिस पर परिवार लंबे समय से खेती कर जीवनयापन कर रहा है।

किसान का आरोप है कि गांव के कुछ लोग एक संगठन के नाम पर उसकी कृषि भूमि पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके चलते उसे और उसके परिवार को लगातार परेशान किया जा रहा है, मारपीट और धमकियों का भी सामना करना पड़ा है।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि 15 अप्रैल 2026 को उसके साथ मारपीट की गई और जातिसूचक गालियां दी गईं, जिसकी शिकायत पुलिस थाना मुकलावा में दर्ज कराई गई। इसके बावजूद आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और वे आए दिन गालियां देकर बेइज्जत करते हैं। प्रार्थी ने स्थानीय प्रशासन पर भी निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी फसल समय पर नहीं कट पाई, जिससे उसे करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ। साथ ही मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने की बात भी कही गई है।

किसान ने अपने पत्र में लिखा है कि लगातार हो रहे उत्पीड़न और न्याय न मिलने के कारण वह बेहद परेशान है और अब उसके पास इच्छामृत्यु की मांग करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। अंत में उसने राष्ट्रपति से अपील की है कि उसे न्याय दिलाया जाए या फिर इच्छामृत्यु की अनुमति प्रदान की जाए। यह मामला प्रशासन और पुलिस के लिए गंभीर सवाल खड़े करता है कि आखिर पीड़ित को समय रहते राहत क्यों नहीं मिल पा रही है।

# वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह जो बोले सो

चमकता राजस्थान



**मनीष मेहता जोधपुर।** निहाल सत श्री अकाल राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरदीप सिंह सलूजा जी,श्रीमति प्रीत कौर सलूजा जी का और सभी सिखों का तहे दिल से आभार जिन्होंने अखिल भारतीय सर्वधर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अभिलेष वडेरा, जिला अध्यक्ष रशीद खान,राष्ट्रीय महासचिव कविता श्रीवास्तव,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मनोज संचेती,राष्ट्रीय अध्यक्षा अनिता परिहार, संस्थापक अध्यक्ष टिकम चंद परिहार, सनसिटी रॉकस्टार अमित पेड़ीवाल, सिंगर नीलम सिंह, लेडी रोक स्टार योगिता टाक, विजय सिंह, योग गुरु अंशु पेडीवाल और धीरेंद्र श्रीवास्तव इन सभी का गुरुद्वारा मे सभी पदाधिकारियों को शॉल, मोमेंटो, फीता अलंकरण से सम्मानित किया`गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा (जोधपुर)

के नव-निर्मित भव्य भवन के उद्घाटन समारोह में मुझे सपरिवार आमंत्रित किया` सभी भक्तजनों के लिए प्रसादी लंगर सेवा की व्यवस्था की गयी थी वाहे गुरुजी का आशीर्वाद सभी पर बना रहे` सिख समुदाय को उनके निस्वार्थ सेवा, बहादुरी और बलिदान के लिए कोटि-कोटि धन्यवाद और नमने सिख धर्म के अनुयायियों ने इतिहास के हर कठिन दौर में, विशेषकर हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए अभूतपूर्व बलिदान दिए है

सिख भाई-बहन हमेशा दूसरों की मदद के लिए आगे रहते हैं वे लंगर के माध्यम से बिना किसी भेदभाव के भूखों को भोजन कराते हैं सिख बिरादरी को बहुत बहादुर माना जाता है और हिंदू धर्म में उन्हें बहुत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है उन्हें गुरु की सीखी प्राप्त है, जो उन्हे सच्ची सेवा करने के लिए प्रेरित करती है।

## डग में गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने को लेकर ज्ञापन सौंपा

चमकता राजस्थान



**डग-28अप्रेल(कुन्दन व्यास)** । सम्पूर्ण भारत वर्ष के प्रमुख साधु संतों के गौ सम्मान आ''ान अभियान के अंतर्गत आज डग तहसील मुख्यालय पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री,राज्यपाल,मुख्यमंत्री के नाम हस्ताक्षर युक्त गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत गौमाता को राष्ट्रमाता दर्जा दिलाने ओर गौहत्या बंद करने की मांग को लेकर सनातन धर्म प्रेमियों,हिन्दू संगठनों ने डग तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

उक्त अभियान को लेक र बड़ी संख्या में गौरक्षक दल,गौसेवक,सभी हिन्दू संगठन के सनातनी कार्यकर्ता माँ गायत्री शक्ति पीठ परिसर में एकत्रित हुए एवं महारैली निकाली।यह महारैली नगर के मुख्य मार्गो से गंगधार गेट,निमचौक,कचहरी, गणेश चौक,बुधवारिया गेट, पुराने बस स्टैंड से नए बस स्टैंड होते हुए तहसील मुख्यालय डग पहुंचे।जानकारी के अनुसार सम्पूर्ण भारत में 5100 तहसीलों में एक साथ ज्ञापन देकर गौसम्मान दिवस के रूप में मनाया।

# बंगाल चुनाव : दूसरे चरण से पहले अतिरिक्त मतदाता सूची जारी, 1468 नए नाम शामिल

एजेंसी




**कोलकाता।** दूसरे चरण के मतदान से पहले निर्वाचन आयोग ने एक बार फिर अतिरिक्त मतदाता सूची जारी की है। यह कदम भारत का सर्वोच्च न्यायालय के पहले से दिए गए निदेशों के तहत उठाया गया है। ट्रिब्यूनल में लंबित मामलों के निपटारे के बाद कुल 1468 नए मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए हैं, जबकि 6 नाम हटाए भी गए हैं।

मंगलवार को जारी इस अतिरिक्त सूची के अनुसार, कोलकाता दक्षिण में 677 और कोलकाता उत्तर में 596 मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं।

इसके अलावा हावड़ा में 77, नदिया में 39, उत्तर 24 परगना में 34, दक्षिण 24 परगना में 30, पूर्व बर्धमान में 8 और हुगली में 7 नए मतदाताओं के नाम शामिल किए गए हैं।

बुधवार को राज्य में दूसरे चरण का मतदान होना है, जिसमें सात जिलों की कुल 142 सीटों पर वोटिंग होगी। नई जारी सूची में जिन मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं, वे भी अब मतदान कर सकेंगे। सामान्य नियम के अनुसार, दूसरे चरण के लिए मतदाता सूची पहले ही फ्रीज हो चुकी थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक, मतदान से दो दिन पहले तक ट्रिब्यूनल जिन आवेदनों का निपटारा करेगा और जिन लोगों को पात्र घोषित करेगा, उन्हें वोट देने की अनुमति होगी। सूत्रों के अनुसार, सोमवार तक जिन आवेदनों का निपटारा ट्रिब्यूनल में किया गया, उसी के आधार पर यह अतिरिक्त सूची तैयार की गई है। इससे पहले भी पहले चरण के मतदान से पहले आयोग ने अदालत के निर्देश पर एक अतिरिक्त सूची जारी की थी, जिसमें 139 नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए थे, जबकि 8 नाम हटाए गए थे।

दरअसल, पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के दौरान 60 लाख से अधिक नामों की जांच की गई थी। कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा नियुक्त न्यायिक अधिकारियों ने इन नामों की जांच की, जिसमें कई लोगों को अयोग्य घोषित किया गया था। इसके बाद भारत का सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश दिया था कि ऐसे लोग सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के ट्रिब्यूनल में अपील कर सकते हैं।

28 फरवरी को राज्य की पहली अंतिम मतदाता सूची जारी की गई थी, जिसके बाद से चरणबद्ध तरीके से अतिरिक्त सूचियां प्रकाशित की जा रही हैं। इस बार भी ट्रिब्यूनल में निपटाए गए मामलों के आधार पर नई सूची जारी की गई है। बुधवार को कोलकाता के साथ-साथ उत्तर और दक्षिण 24 परगना, हावड़ा, हुगली, नदिया और पूर्व बर्धमान जिलों में मतदान होना है।

# दार्जिलिंग जू और सिलीगुड़ी बंगाल सफारी में नए मेहमान के आगमन की तैयारी

एजेंसी



**सिलीगुड़ी।** पर्यटन सीजन के बीच पहाड़ और तराई क्षेत्र से खुशखबरी सामने आई है। पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क और बंगाल सफारी में कई दुर्लभ जानवरों के जल्द जन्म लेने की उम्मीद है, जिससे पशु प्रेमियों में उत्साह बढ़ गया है। दार्जिलिंग जू प्रबंधन के अनुसार, यहां सिल्वर फीजेंट और दुर्लभ प्रजाति मिश्मी टाकिन गर्भवती हैं। खास बात यह है कि मिश्मी टाकिन जैसे लुप्तप्राय प्रजाति का सफल प्रजनन संरक्षण की दिशा में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। वर्तमान में जू में सात मिश्मी टाकिन और 23 सिल्वर फीजेंट मौजूद है। इन जानवरों के लिए विशेष डाइट प्लान तैयार किया गया है, जिसमें विटामिन और मिनरल से भरपूर भोजन दिया जा रहा है।

जू प्रशासन ने गर्भवती जानवरों को शांत माहौल में रखा है और सीसीटीवी निगरानी के जरिए 24 घंटे उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। पशु चिकित्सक रोजाना उनका हेल्थ चेकअप कर रहे हैं ताकि किसी तरह की परेशानी न हो।

वहीं दूसरी ओर, सिलीगुड़ी के बंगाल सफारी में भी अच्छी खबर है। यहां मौजूद हिमालयन ब्लैक बियर में से एक मादा के गर्भवती होने के संकेत मिले है। सफारी के निदेशक के अनुसार, भालू का गर्भकाल आमतौर पर आठ से नौ महीने का होता है, लेकिन जन्म तक किसी भी स्थिति को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं हुआ जा सकता।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री से मिले अर्जित चौबे, किया अभिनंदन



**भागलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं भागलपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. अर्जित शाश्वत चौबे ने मंगलवार को बिहार के मुख्यमंत्री से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर डॉ. चौबे ने मुख्यमंत्री को अयोध्या धाम के श्री राम लला का पावन अंगवस्त्र एवं श्रीमद्भगवद्गीता भेंट स्वरूप प्रदान किया। मुलाकात के दौरान डॉ. चौबे ने बिहार के समग्र विकास एवं प्रगति के लिए मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं दीं और राज्य को विकास के नए आयामों तक पहुंचाने के उनके प्रयासों की सराहना की। साथ ही, उन्होंने भागलपुर जिले के समग्र विकास, आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण एवं क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान को लेकर अपनी महत्वपूर्ण बातों को विस्तार से रखा। डॉ. चौबे ने मुख्यमंत्री को भागलपुर आगमन का सादर आमंत्रण भी दिया, ताकि क्षेत्रीय विकास योजनाओं को गति प्रदान की जा सके और स्थानीय जनता को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें राज्य के विकास को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई।

### एसएसपी ने किया प्रशिक्षु सिपाहियों के परेड का निरीक्षण



**सारण।** छपरा पुलिस केंद्र में प्रशिक्षु सिपाहियों के परेड का वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परेड के अनुशासन, एकरूपता और प्रशिक्षण की गुणवत्ता का बारीकी से अवलोकन किया। प्रशिक्षुओं के शानदार प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए एसएसपी ने उनका मनोबल बढ़ाया। प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने अनुशासन, समयबद्धता और कर्तव्यनिष्ठा को पुलिस सेवा का मूल आधार बताया। एसएसपी ने कहा कि एक कुशल पुलिसकर्मी बनने के लिए शारीरिक दक्षता के साथ-साथ मानसिक सजगता और आमजन के प्रति संवेदनशीलता अनिवार्य है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण में व्यावहारिक ज्ञान को और अधिक प्राथमिकता दें। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सेवा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी।

### नेशनल हाईवे-27 की सर्विस रोड धंसी, बड़े हादसे की आशंका



**सिलीगुड़ी।** नेशनल हाईवे-27 की सर्विस रोड इन दिनों लोगों के लिए खतरे का कारण बनती जा रही है। लगातार हो रही बारिश के चलते सड़क के नीचे की मिट्टी धंस गई है, जिससे बड़े हादसे की आशंका बढ़ गई है। सिलीगुड़ी महकमा के फांसीदेवा ब्लॉक के ग्वालटुली मोड़ के पास कांतिविता इलाके में फोरलेन सड़क की हालत खराब होने पर स्थानीय लोगों में भारी गुस्सा है। ढलान वाली जमीन होने के कारण बारिश का पानी सड़क के नीचे से बह रहा है, जिससे जमीन कमजोर होकर धंसती जा रही है। फिलहाल, धंसे हुए हिस्से को रेत की बोरियों और ट्रैफिक कोन लगाकर घेरा गया है, लेकिन इसे अस्थायी उपाय बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित अधिकारी अब तक सड़क की मरम्मत को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे है। बांसगांव ग्राम पंचायत की मुखिया अनिमा रॉय ने बताया कि सर्विस रोड के दूसरे हिस्से की हालत भी खराब है और मानसून की शुरूआत में ही यह स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने चेतावनी दी कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, खासकर बच्चों और पैदल चलने वालों के लिए खतरा ज्यादा है।

# मतदान के दिन सामान्य रहेंगी मेट्रो सेवा



एजेंसी

**कोलकाता।** कोलकाता में दूसरे चरण के मतदान से पहले आम यात्रियों के बीच मेट्रो सेवा को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे थे। इस बीच कोलकाता मेट्रो रेल की ओर से स्पष्ट किया गया है कि 29 अप्रैल को मतदान के दिन मेट्रो सेवाएं पूरी तरह सामान्य रहेंगी। यानी ब्लू, ग्रीन और ऑरेंज–तीनों लाइनों पर रोजाना की तरह ही ट्रेनें चलेंगी और समय-सारणी में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है। ब्लू लाइन (नोआपाड़ा से शहीद खुदीराम) पर पहली मेट्रो सुबह करीब 6:50 बजे नोआपाड़ा से और 6:54 बजे शहीद खुदीराम से चलेगी। वहीं, आखिरी मेट्रो रात करीब 9:45 बजे नोआपाड़ा से और 9:44 बजे शहीद खुदीराम से रवाना होगी।

ग्रीन लाइन (हावड़ा मैदान से सेक्टर-५) पर पहली मेट्रो सुबह लगभग 6:45 बजे हावड़ा मैदान से और 6:39 बजे सेक्टर-५ से चलेगी। इस लाइन पर आखिरी मेट्रो रात 9:55 बजे दोनों दिशाओं से चलेगी।

ऑरेंज लाइन (जय हिंद एयरपोर्ट से नोआपाड़ा) पर पहली मेट्रो सुबह 7:40 बजे जय हिंद एयरपोर्ट से और 7:18 बजे नोआपाड़ा से चलेगी। वहीं आखिरी मेट्रो नोआपाड़ा से रात 9:00 बजे और जय हिंद एयरपोर्ट से रात 9:20 बजे रवाना होगी। मेट्रो प्राधिकरण ने यह भी आश्वासन दिया है कि मतदान के दिन यात्रियों को किसी तरह की असुविधा नहीं होगी। नियमित सेवाओं के साथ-साथ भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि लोग बिना किसी परेशानी के यात्रा कर सकें।

### खड़गपुर प्रौद्योगिकी संस्थान में छात्र की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**खड़गपुर।** खड़गपुर प्रौद्योगिकी संस्थान में एक छात्र की रहस्यमय मौत का मामला सामने आया है। मंगलवार को संस्थान के छात्रावास के एक कमरे से छात्र का शव बरामद किया गया। इससे कुछ दिन पहले भी एक छात्र की मौत की घटना सामने आई थी, जिसके बाद परिसर में चिंता का माहौल बन गया है। मृत छात्र की पहचान सोहम हलदार (22) के रूप में हुई है। वह विद्युत एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग के चौथे वर्ष का छात्र था। उसका घर उत्तर 24 परगना जिले के बारासात क्षेत्र में बताया गया है।

पुलिस के अनुसार, सोहम पंडित मदनमोहन मालवीय छात्रावास के कक्ष संख्या 329 में रहता था। मंगलवार सुबह काफी देर तक कक्ष का द्वार नहीं खुलने पर सुरक्षा कर्मियों को संदेह हुआ। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और द्वार तोड़कर भीतर प्रवेश किया। अंदर छात्र का शव फंदे से लटका मिला। उसे बी.सी. रॉय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 18 अप्रैल को भी इसी संस्थान में तृतीय वर्ष के छात्र जयबीर सिंह दरिया (21) की असामान्य परिस्थितियों में मृत्यु हुई थी।

# गर्मी से राहत के आसार, दक्षिण और उत्तर बंगाल में आंधी-बारिश का पूर्वानुमान

एजेंसी



**कोलकाता।** राज्य में पिछले कुछ दिनों से जारी भीषण गर्मी के बीच मौसम विभाग की ओर से राहत भरी खबर आई है। बताया गया है कि मतदान के दिन बुधवार को कोलकाता समेत कई जिलों में हवा की रफ्तार लगभग 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। वहीं उत्तर बंगाल के कई जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में गिरावट आने का अनुमान है। भीषण गर्मी के बीच तापमान थोड़ा कम होने से लोगों को कुछ राहत मिली है। मंगलवार सुबह कोलकाता का न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.3 डिग्री अधिक है।

अलीपुर मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश और आंधी की चेतावनी जारी की गई है। उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम बर्धमान और नदिया में हल्की बारिश के साथ तेज हवा चल सकती है। कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल के अन्य जिलों में हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक रहने का अनुमान है।

बुधवार से दक्षिण बंगाल में आंधी-बारिश की गतिविधियां और बढ़ सकती हैं। उस दिन कोलकाता, हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना में आंधी-बारिश की संभावना अधिक है। इसके अलावा पश्चिम मेदिनीपुर, बांकुड़ा, पूर्व और पश्चिम बर्धमान में भी ऐसी ही स्थिति रह सकती है। मौसम विभाग ने दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में अगले शनिवार तक आंधी-बारिश की चेतावनी दी है। उत्तर बंगाल में भी फिलहाल आंधी-बारिश का दौर जारी रहेगा। दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कालिम्पोंग और अलीपुरद्वार में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। उत्तर बंगाल के विभिन्न जिलों में शुक्रवार तक कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है।

### लॉरी पलटने से बुजुर्ग महिला की मौत

**उत्तर दिनाजपुर।** जिले के मोहम्मदपुर से सटे नेशनल हाईवे नंबर 12 पर दालखोला बाईपास इलाके में हुए सड़क हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। घटना मंगलवार सुबह की है। मृत महिला का नाम गुरकी बेगम (65) है। इस घटना में टोटो ड्राइवर समेत चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार, एक लॉरी ने एक टोटो को टक्कर रबु दी। इस घटना में टोटो में सवार एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। घायलों को गंभीर हालत में रायगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, लॉरी इतनी तेज रफ़्तार से आ रही थी कि अनियंत्रित हो गई और एक यात्रियों से भरी टोटो को टक्कर मार दी। इस वजह से टोटो नेशनल हाईवे के डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर दालखोला थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को बचाकर गंभीर हालत में अस्पताल भेजा। मृत महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए रायगंज जिला अस्पताल भेज दिया गया। घटना किस वजह से हुई पुलिस जांच में जुटी है।

# ग्रीष्म ऋतु में यात्रियों की सुविधा के लिए वॉटर कूलर की व्यवस्था

एजेंसी




**भागलपुर।** भीषण गर्मी के लंबे दौर के बीच, जब यात्रा करना यात्रियों के लिए शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण हो जाता है, पूर्व रेलवे के मालदा मंडल ने यात्रियों को राहत प्रदान करने के लिए एक सक्रिय एवं यात्री-केंद्रित पहल की है। मंडल के प्रमुख स्टेशनों भागलपुर, जमालपुर, साहिबगंज, मालदा टाउन, बरहरवा, न्यू फरक्का, जंगीपुर रोड तथा अन्य स्टेशनों पर पर्याप्त संख्या में जल कूलर (वॉटर कूलर) की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे यात्रियों को सुरक्षित एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सके।

यह सुविधा न केवल ग्रीष्म ऋतु में आवश्यक है, बल्कि आरामदायक यात्रा अनुभव का एक महत्वपूर्ण घटक भी है।

मंडल रेल प्रबंधक, मालदा मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), मालदा चंद्र कुमार पटेल के पर्यवेक्षण में मंडल में यात्री सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक प्रयास किए गए हैं। वर्तमान में मंडल के 34 स्टेशनों पर कुल 90 जल कूलर स्थापित किए जा चुके हैं। इस पहल के अंतर्गत प्रमुख स्टेशनों में पीरपैंती (03), भागलपुर (08), सुल्तानगंज (05), जमालपुर (05), राजमहल (02), बरहरवा (04), साहिबगंज (05), मालदा टाउन (10), न्यू फरक्का (05), जंगीपुर रोड (03), बांका (04), गोड्डा (05), मुंगेर (03) सहित अन्य स्टेशन शामिल हैं। सुरक्षित पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए इन जल कूलरों का नियमित रखरखाव, स्वच्छता एवं सुचारू संचालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

संबंधित विभागों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण एवं आवश्यक मरम्मत कार्य किए जा रहे हैं, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यात्रियों से भी अनुरोध किया गया है कि वे इन सार्वजनिक सुविधाओं का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें तथा स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग दें, जिससे यह सुविधाएं दीर्घकाल तक सभी के लिए उपयोगी बनी रहें।

### ट्रेन से गिरकर बालिका की मौत

**भागलपुर।** जिले के विक्रमशिला रेलवे स्टेशन के समीप मंगलवार को डाउन दानापुर-साहिबगंज इंटरसिटी ट्रेन से उतरने के प्रयास में 17 वर्षीय ज्योति कुमारी की गिरकर मौत हो गई। नया टोला, रामपुर निवासी विपिन यादव की पुत्री ज्योति अपने परिजन के साथ घोघा से एक भोज कार्यक्रम से लौट रही थी, तभी स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव न होने के बावजूद गति धीमी होने पर उसने उतरने की कोशिश की और संतुलन बिगड़ने से प्लेटफॉर्म पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद भागलपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। स्थानीय प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा के लिए कभी भी चलती ट्रेन से उतरने या चढ़ने का जानलेवा जोखिम न उठाएं।

# जिलाधिकारी ने बाल सुधार गृह का किया औचक निरीक्षण



एजेंसी

**सारण।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित स्थानीय पर्यवेक्षण गृह सह बाल सुधार गृह का जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने आज निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाल सुधार गृह की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और बच्चों के सुधार व कल्याण के लिए कई निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने शिक्षा की महत्ता पर जोर देते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि गृह में रह रहे बच्चों के लिए सेक्शनवार और विषयवार योग्य शिक्षकों का चयन किया जाए। उन्होंने एक निश्चित रोस्टर बनाकर अलग-अलग वर्गों की कक्षाओं का नियमित संचालन सुनिश्चित करने को कहा ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो। पिछले निरीक्षण के निर्देशों का अनुपालन देखते हुए डीएम ने संतोष व्यक्त किया कि अब 12 से 14 वर्ष के बच्चों को बड़े बच्चों से अलग कमरे में आवासित किया गया है। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि सभी बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाए। साथ ही परिसर और किचन की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के समय बाल संरक्षण पदाधिकारी, अधीक्षक और सुरक्षा गार्ड मौजूद रहे।

# बिहार के मुजफ्फरपुर में दो बच्चे समेत तीन की हत्या

एजेंसी



**मुजफ्फरपुर।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के पानापुर करियात थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहबाजपुर मठ के पास सोमवार देर रात 30 वर्षीय महिला रीता देवी और उसकी दो वर्षीय बेटी वैष्णवी और मात्र तीन महीने के बेटे कन्हैया की हत्या कर दी गई। तीनों के शव घर के एक कमरे में बेड पर पड़े मिले हैं।

मृतका रीता देवी के पति मिठाई लाल शाह, जो पेशे से कैटरिंग का काम करते हैं, सोमवार रात अपने भाई के साथ बारात में गए हुए थे। देर रात करीब 3:30 बजे जब वह घर लौटे तो मुख्य दरवाजा बाहर से बंद मिला। किसी तरह दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचने पर उन्होंने कमरे में अपनी पत्नी और दोनों छोटे बच्चों का शव बेड पर पड़ा देखा। पास में एक रस्सी भी पड़ी हुई थी।

मिठाई लाल का आरोप है कि एक ही रस्सी का इस्तेमाल कर तीनों का गला घोंटकर हत्या की गई है। मिठाई लाल शाह और रीता देवी के कुल चार बच्चे हैं। मिठाई लाल शाह ने बताया कि घटना वाले समय दो छोटे बच्चे मां के साथ कमरे में थे, जबकि अन्य दो बच्चे अपनी दादी उर्मिला देवी के साथ दूसरे कमरे में सो रहे थे, जिससे उनकी जान बच गई।

मृतका की सास उर्मिला देवी ने घटना के लिए गांव के कुछ रिश्तेदारों पर सीधा आरोप लगाया है। उनका कहना है कि परिवार का गांव में कुछ लोगों से जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते उनके बेटे, बहू और पोते-पोती को निशाना बनाया गया।

घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी पश्चिमी सुचित्रा कुमारी मौके पर पहुंची और पूरे मामले का जायजा लिया। डीएसपी पश्चिमी सुचित्रा कुमारी ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत मे कहा कि प्रथम दृष्टया महिला और दो बच्चों की हत्या प्रतीत हो रही है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को बुलाया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है और कहा है कि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही हो सकेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### न्यूजीलैंड क्रिकेट को मिला नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पूर्व तेज गेंदबाज ज्योफ अलॉट संभालेंगे जिम्मेदारी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने पूर्व अंतरराष्ट्रीय तेज गेंदबाज ज्योफ अलॉट को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पिछले वर्ष स्कॉट वीनिंक के इस्तीफे के बाद की गई है। 54 वर्षीय अलॉट ने 1996 से 2000 के बीच न्यूजीलैंड के लिए 10 टेस्ट और 31 एकदिवसीय मैच खेले। उनका सबसे यादगार प्रदर्शन 1999 के एकदिवसीय विश्व कप में रहा, जहां उन्होंने 9 मैचों में 20 विकेट लेकर प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने यह उपलब्धि ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज गेंदबाज शेन वॉर्न के साथ हासिल की, हालांकि अलॉट ने एक मैच कम खेला था। खेल करियर समाप्त होने के बाद अलॉट ने क्रिकेट प्रशासन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। वह 2002 में न्यूजीलैंड क्रिकेट खिलाड़ी संघ के संस्थापक सदस्य रहे। इसके बाद 2008 से 2010 तक उन्होंने न्यूजीलैंड क्रिकेट में क्रिकेट महाप्रबंधक के रूप में कार्य किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने कैंटरबरी क्रिकेट के बोर्ड में तीन वर्षों तक सेवा दी और 2013 से 2021 तक न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड में निदेशक के रूप में आठ वर्षों का कार्यकाल पूरा किया। उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ष 2022 में उन्हें आजीवन सदस्यता से सम्मानित किया गया। अलॉट को यह जिम्मेदारी ऐसे समय में सौंपी गई है जब न्यूजीलैंड क्रिकेट आंतरिक मतभेदों के दौर से गुजर रहा है। पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्कॉट वीनिंक ने खेल की दीर्घकालिक दिशा को लेकर प्रांतीय संघों और खिलाड़ी संघ के साथ मतभेदों के कारण पद छोड़ा था। विवाद का प्रमुख कारण वर्ष 2027 तक सुपर स्मैश प्रतियोगिता की जगह निजी स्वामित्व वाली एनजेड20 लीग शुरू करने का प्रस्ताव था।

### अंगुली के स्पिन कौशल को बढ़ा रहे क्रुणाल पांड्या

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाजी कोच और मेंटर दिनेश कार्तिक ने ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि जिस प्रकार वह अंगुली के स्पिन कौशल को आगे बढ़ा रहे है। उसके लिए उन्हें श्रेय मिलना ही चाहिये। इस प्रकार के गेंदबाजी कौशल को उनके जैसे गेंदबाजों के कारण ही पहचान मिल रही है। कार्तिक ने कहा कि बल्लेबाजों के मन में संदेह पैदा करने और लगातार बेहतर परिणाम देने की क्रुणाल की जबरदस्त क्षमता यह साबित करती है कि एक ऑलराउंडर के तौर पर उनमें कितना सुधार आया है। उन्होंने यह भी कहा कि क्रुणाल का यह प्रभाव दिखाता है कि आईपीएल में किस प्रकार से खेल को नये आयाम मिल रहे हैं और उसमें बदला आ रहा है। क्रुणाल की सराहना करते हुए कार्तिक ने कहा, क्रुणाल एक ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें यह खेल लंबे समय तक याद रखेगा। वह जिस प्रकार से अंगुली के स्पिनरों के लिए बनी तय सीमाओं को लगातार चुनौती दे रहे हैं और ऐसी गेंदें फेंक रहे हैं जिनकी कुछ साल पहले तक कल्पना भी नहीं की जा सकती थी , उसके लिए उनकी तारीफ होनी ही चाहिये। कार्तिक के अनुसार, क्रुणाल अपनी कला में महारत हासिल कर रहे हैं। उन्हें भली-भांति पता है कि बल्लेबाजों के मनोविज्ञान को समझते हुए अपनी विविधताओं का उपयोग कब करना है, और अधिकांश अवसरों पर उन्हें इसका अपेक्षित लाभ भी मिलता है, जिससे वे विपक्षी बल्लेबाजों पर दबाव बनाने में सफल रहते हैं। कार्तिक ने साथ ही कहा कि एक ऑलराउंडर के रूप में क्रुणाल में जिस तरह का सुधार आया है,। उसका बहुत सारा श्रेय उन्हीं को मिलना चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि जिस तरह आईपीएल क्रिकेट का आकार बदल रहा है और उसे एक नई दिशा दे रहा है, ठीक उसी तरह अंगुली के स्पिनर भी यही कर रहे हैं।

# भारत को चीन से 0-5 की करारी हार, टूर्नामेंट से बाहर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** डेनमार्क के हॉर्सेंस में खेले जा रहे उबर कप फाइनल्स में भारतीय महिला बैडमिंटन टीम का अभियान चीन के खिलाफ 0-5 की हार के साथ समाप्त हो गया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने मजबूत स्थिति के बावजूद मैच गंवा दिया, जिससे भारत के लिए वापसी के रास्ते बंद हो गए।



भारतीय टीम ने अपने अभियान की शुरूआत मेजबान डेनमार्क से 2-3 की हार के साथ की थी, लेकिन इसके बाद यूक्रेन को 4-1 से हराकर उम्मीदें जगाई थीं। हालांकि, 16 बार की चैंपियन चीन के खिलाफ टीम को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा।

पहले एकल मुकाबले में पीवी सिंधु ने दुनिया की नंबर-2 खिलाड़ी वांग झी यी के खिलाफ शानदार शुरुआत की। निर्णायक गेम में 18-12 की बढ़त लेने के बावजूद सिंधु मैच को अपने नाम नहीं कर सकीं और 16-21, 21-19, 19-21 से हार गईं। इस हार से चीन ने 1-0 की बढ़त बना ली।

पहले युगल मुकाबले में प्रिया कोंजेंगबाम और श्रुति मिश्रा की जोड़ी को विश्व नंबर-1 लियू शेंग शू और तान निंग के खिलाफ 11-21, 8-21 से हार का सामना करना पड़ा।

इसके बाद दूसरे एकल में इशारानी बरुआह ने टोक्यो ओलंपिक चैंपियन चेन यूफेई को कड़ी टक्कर दी, लेकिन महत्वपूर्ण मौकों पर चूक के कारण 22-20, 21-13 से हार गईं, जिससे चीन ने 3-0 की अजेय बढ़त बना ली।

दूसरे युगल में ट्रीसा जॉली और काविप्रिया सेल्वम ने संघर्ष जरूर किया, लेकिन लुओ शू मिन और झांग शू शियान की जोड़ी के खिलाफ 10-21, 21-12, 19-21 से हार गईं।

तीसरे एकल में देविका सिहाग ने अच्छी शुरूआत की, लेकिन लय बरकरार नहीं रख सकीं और शू वेन जिंग के खिलाफ 21-19, 17-21, 10-21 से हार गईं।

अब सभी की नजरें भारतीय पुरुष टीम पर होंगी, जो बुधवार को थॉमस कप में चीन से भिड़ेगी। भारत, जो 2022 का चैंपियन है, ने ग्रुप ए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है।

भारत और चीन दोनों ग्रुप में शीर्ष स्थान पर हैं और बुधवार को होने वाला मुकाबला ग्रुप विजेता का फैसला करेगा।

## करण और लक्ष्य का शानदार प्रदर्शन, पीजीडीएवी की दोनों टीमों की बड़ी जीत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** तीसरे स्वामी दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज टी20 डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में पीजीडीएवी येल्लो और पीजीडीएवी ब्लू टीमों ने मंगलवार को प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबले बड़े अंतर से जीत लिए।

पहले मुकाबले में करण सोनी (71 रन, 31 गेंद, 4 चौके, 8 छक्के) और नैतिक यादव (67 रन, 26 गेंद, 7 चौके, 6 छक्के) की आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर पीजीडीएवी येल्लो ने 9 ओवर में बिना विकेट खोए 142 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज की टीम 20 ओवर में 139/9 का स्कोर ही खड़ा कर सकी। टीम की ओर से वरुण भट्ट (33) और शौर्य भाटिया (32) ने उल्लेखनीय योगदान दिया।

गेंदबाजी में हिमांशु (4 विकेट/32 रन), सारंग अस्थाना (2 विकेट/10 रन) और जय शर्मा (2 विकेट/23 रन) ने अहम भूमिका निभाई। करण सोनी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया, यह पुरस्कार एशिया कुराश रेसलिंग के महासचिव प्रवीण त्यागी ने प्रदान किया।



दूसरे मुकाबले में लक्ष्य गोयल ने तूफानी अंदाज में 47 गेंदों पर 136 रन (6 चौके, 17 छक्के) की विस्फोटक पारी खेली और गेंदबाजी में भी 44 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

उनके अलावा मंदीप सिंह (80 रन, 27 गेंद) और राहुल बाग (42 रन, 13 गेंद) की तेजतर्रार पारियों की बदौलत पीजीडीएवी ब्लू ने 20 ओवर में 329/9 का विशाल स्कोर खड़ा किया।

जवाब में आर्यभट्ट कॉलेज की टीम 20 ओवर में 176/8 तक ही पहुंच सकी। टीम की ओर से पीयूष चंदीला ने 51 रन बनाने के साथ 5 विकेट लेकर संघर्ष जरूर किया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

### विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप में भारतीय टीम को 90 लाख रुपये से अधिक का सहयोग

# विदेशी प्रशिक्षण शिविर से बढ़ी तैयारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की मेजबानी में आयोजित होने वाली शताब्दी विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीटीसी) से पहले भारतीय टेबल टेनिस टीम को मजबूत तैयारी के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने 90 लाख रुपये से अधिक का व्यापक सहयोग प्रदान किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता मंगलवार से लंदन के वेम्बली स्थित ओवीओ एरिना में शुरू हो रही है, जो 10 मई तक चलेगी।

इस वैश्विक प्रतियोगिता में भारत का 19 सदस्यीय दल हिस्सा ले रहा है, जिसमें 10 खिलाड़ी, तीन कोच, तीन सहयोगी स्टाफ और तीन अभ्यास साझेदार शामिल हैं। टीम में मनिका बत्रा, जी. साथियान, मानव ठक्कर और हरमीत देसाई जैसे प्रमुख खिलाड़ी शामिल हैं, जो पुरुष और महिला दोनों वर्गों में भारत की चुनौती पेश करेंगे।



**ग्रुप चरण में कड़ी चुनौती**

पुरुष टीम को ग्रुप चरण में स्लोवाकिया, ट्यूनीशिया और ग्वाटेमाला के साथ रखा गया है, जबकि महिला टीम यूक्रेन, युगांडा और रवांडा से भिड़ेगी। ग्रुप मुकाबले 28 अप्रैल से 1 मई तक खेले जाएंगे।

भारत इस बार बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगा, क्योंकि 2024 में बुसान में आयोजित पिछली प्रतियोगिता में दोनों टीमें अंतिम-32 चरण तक पहुंचकर बाहर हो गई थीं।

**विदेशी प्रशिक्षण से निखरी तैयारी**

साई की ओर जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार चैंपियनशिप की तैयारी के लिए साई ने चरणबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

13 से 19 अप्रैल तक बेंगलुरु स्थित नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर आयोजित किया गया, जिस पर 13.26 लाख रुपये खर्च किए गए। इसके बाद 21 से 26 अप्रैल तक शेफील्ड में विदेशी प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ, जिस पर 20.92 लाख रुपये खर्च किए गए। इस संयुक्त तैयारी का उद्देश्य खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुरूप ढालना और उनकी मैच तैयारी को बेहतर बनाना था।

इसके अलावा, साई ने भारतीय टेबल टेनिस महासंघ को लगभग 60.1 लाख रुपये की राशि जारी की, जिससे खिलाड़ियों और अधिकारियों के हवाई यात्रा, आवास, दैनिक भत्ता और प्रवेश शुल्क जैसे खर्च पूरे किए जा सकें।

**राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर, एशियाई खेलों से पहले अहम परीक्षा**

टेबल टेनिस 2026 राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा नहीं होगा, ऐसे में यह चैंपियनशिप 2026 एशियाई खेलों (जापान) की तैयारी के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। साथ ही, 2030 में भारत में होने वाले शताब्दी राष्ट्रमंडल खेलों से पहले यह टीम की ताकत और तैयारी का आकलन भी करेगी।

**भारतीय टीम**

**पुरुष टीमः** मानव ठक्कर, मनुष शाह, जी. साथियान, हरमीत देसाई, पायस जैन।

**महिला टीमः** मनिका बत्रा, यशस्विनी घोरपड़े, दिया चिताले, सुतिर्था मुखर्जी, सिंड्रेला दास

**कोचः** मासिमो कोस्टांटिनी (विदेशी विशेषज्ञ), सौरव चक्रवर्ती, सोमनाथ घोष।

## मैड्रिड ओपन 2026: राइबाकिना टूर्नामेंट से बाहर

एजेंसी

**मैड्रिड।** मैड्रिड ओपन 2026 में बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जहां ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन एलेना राइबाकिना को चौथे दौर में हार का सामना करना पड़ा। वहीं, पुरुष वर्ग में जर्मनी के स्टार खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में जगह बना ली।



**राइबाकिना को पोटापोवा ने चौंकाया**

विश्व नंबर-2 कजाखस्तान की एलेना राइबाकिना को 56वीं रैंकिंग की अनास्तासिया पोटापोवा ने 7-6 (10-8), 6-4 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने दो-दो बार सर्विस ब्रेक किया, जिसके बाद टाई-ब्रेक में पोटापोवा ने बाजी मारी। दूसरे सेट में राइबाकिना ने बढ़त जरूर बनाई, लेकिन पोटापोवा ने वापसी करते हुए आठवें और दसवें गेम में ब्रेक हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया। जीत के बाद पोटापोवा ने कहा कि यह मुकाबला उनके लिए बेहद कठिन था और टीम के सहयोग से वह जीत हासिल कर सकीं। ज्पुरुष एकल वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने फ्रांस के टेरेंस एटमेन को सीधे सेटों में 6-3, 7-6 (7-2) से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। ज्वेरेव ने पहले सेट में दो बार सर्विस ब्रेक कर बढ़त बनाई, जबकि दूसरे सेट में कड़ा मुकाबला देखने को मिला।

## भुवनेश्वर बने पर्पल कैप के नए लीडर, कोहली ऑरेंज कैप रेस में चौथे स्थान पर पहुंचे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को महज 75 रनों पर समेटते हुए एकतरफा जीत दर्ज की। इस मैच के बाद पर्पल कैप और ऑरेंज कैप की रेस में बड़ा बदलाव देखने को मिला।

**भुवनेश्वर ने संभाली पर्पल कैप की कमान**

आरसीबी के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में सिर्फ 5 रन देकर 3 विकेट झटके। खास बात यह रही कि उनके तीनों विकेट पावरप्ले में आए। इस प्रदर्शन के दम पर भुवनेश्वर अब पर्पल कैप की रेस में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। उनके कुल 14 विकेट हैं और 16.85 का औसत उन्हें अंशुल कंबोज (16.92) और ईशान मलिंगा (18.21) से आगे ले जाता है। वहीं, आरसीबी के ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या ने एक विकेट लेकर टॉप-10 में एंट्री कर ली है। उनके अब 9 विकेट हैं, जो कार्तिक त्यागी, जेमी ओवरटन और वैभव अरोड़ा के बराबर हैं, लेकिन बेहतर औसत (26.55) के कारण वह उनसे आगे हैं। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने भी घातक गेंदबाजी करते हुए 3.3 ओवर में 12 रन देकर 4 विकेट लिए। उन्होंने पावरप्ले में तीन विकेट लेकर दिल्ली को 13/6 के रिकॉर्ड न्यूनतम स्कोर पर पहुंचा दिया। अब उनके कुल 8 विकेट हो गए हैं और वह विकेट लेने वालों की सूची में 14वें स्थान पर हैं।



**ऑरेंज कैप रेस में कोहली की छलांग**

आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इस मैच में नाबाद 23 रन बनाए और इसी के साथ आईपीएल में अपने 9000 रन पूरे कर लिए। इस पारी के बाद कोहली ऑरेंज कैप की रेस में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके अब 351 रन हैं और उनका औसत 58.50 का है।

कोहली से आगे वैभव सूर्यवंशी हैं, जिनके 357 रन हैं, जबकि केएल राहुल 358 रन के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। राहुल ने इस मैच में 1 रन बनाया, लेकिन इतना भी उन्हें एक स्थान ऊपर ले जाने के लिए काफी रहा।

ऑरेंज कैप की रेस में शीर्ष पर सनराइजर्स हैदराबाद के ओपनर अभिषेक शर्मा बने हुए हैं, जिनके नाम 380 रन हैं और उनका औसत 54.28 का है।

## व्यापार

### 13 करोड़ के पार पहुंची एनएसई के रजिस्टर्ड इन्वेस्टर्स की संख्या

# 40 प्रतिशत इन्वेस्टर 30 साल से कम उम्र के

▶▶ एनएसई के हर चार इन्वेस्टर में से एक महिला



एजेंसी

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने रजिस्टर्ड इन्वेस्टर्स की संख्या के मामले में नया मुकाम हासिल कर लिया है। एनएसई के रजिस्टर्ड इन्वेस्टर्स की संख्या 13 करोड़ के पार पहुंच गई है। एनएसई ने सोमवार यानी 27 अप्रैल के कारोबारी सत्र के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। इसके पहले सितंबर 2025 में एनएसई पर रजिस्टर्ड इन्वेस्टर्स की संख्या 12 करोड़ के स्तर पर पहुंची थी। इस तरह सिर्फ सात महीने की अवधि में ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज से एक करोड़ नए रजिस्टर्ड इन्वेस्टर्स जुड़ गए।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार एनएसई से जुड़े रजिस्टर्ड इन्वेस्टर्स में महिलाओं की संख्या में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। एनएसई के हर चार रजिस्टर्ड इन्वेस्टर में एक महिला है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के इन्वेस्टर्स की औसत आयु भी अब घट कर 33 साल हो गई है। इसके पहले साल 2021 में एनएसई के निवेशकों की औसत आयु 36 साल थी।

स्टॉक एक्सचेंज के रिकॉर्ड के मुताबिक इसके निवेशकों में लगभग 40 प्रतिशत संख्या 30 साल से कम उम्र के निवेशकों की है।आपको बता दें कि पिछले कुछ सालों में स्टॉक मार्केट के इन्वेस्टर्स की संख्या में बढ़ोतरी की रफ्तार काफी तेज हो गई है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के इन्वेस्टर्स की संख्या एक करोड़ के स्तर तक पहुंचने में 14 साल की अवधि लगी थी। इसके बाद इन्वेस्टर्स की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी होने लगी। एक करोड़ इन्वेस्टर की संख्या पूरी करने के बाद अगले 11 साल में एनएसई के रजिस्टर्ड इन्वेस्टर्स की संख्या चार करोड़ तक पहुंच गई।

## नीति आयोग ने भारत की डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर यात्रा का रोडमैप किया लॉन्च

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने भारत की डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) यात्रा के अगले चरण के लिए एक रणनीतिक रोडमैप, लॉन्च किया है। इसका उद्देश्य डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए देश में समावेशी और तेज आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। यह पहल विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।

आयोग के मुताबिक यह रोडमैप दो चरणों में काम करेगा, इसमें पहला डीपीआई 2.0 (2025-2035), जिसमें रोजगार और आजीविका बढ़ाने पर फोकस रहेगा, और दूसरा डीपीआई 3.0 (2035-2047) है, जिसमें व्यापक समृद्धि हासिल करने का लक्ष्य होगा। डीपीआई 2.0 के तहत एमएसएमई, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में बदलाव लाने की योजना है। साथ ही, क्रेडिट, डिजिटल ट्रांजेक्शन, डेटा के बेहतर उपयोग और एआई के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य डिजिटल सिस्टम को केवल पहचान, भुगतान और सरकारी योजनाओं तक सीमित न रखकर, उसे रोजगार, उत्पादकता और बाजार तक पहुंच बढ़ाने के लिए इस्तेमाल करना है। कार्यक्रम के दौरान सुमन बेरी ने कहा कि अब



विकास का फोकस सिर्फ जीडीपी पर नहीं, बल्कि उत्पादकता बढ़ाने पर होना चाहिए। वहीं अजय कुमार सूद ने कहा कि तकनीक का सही उपयोग तभी संभव है जब उसे बड़े स्तर पर लागू किया जाए और उसमें भरोसा और सुरक्षा बनी रहे। वहीं, निधि छिब्बर ने बताया कि ये रोडमैप राज्यों को भी डिजिटल बदलाव में मदद करेगा, जिससे उनकी विकास गति तेज होगी। विशेषज्ञों के अनुसार डीपीआई और एआई के मेल से भारत एक ऐसा मॉडल बना सकता है, जो रोजगार बढ़ाने, लोगों की जिंदगी बेहतर बनाने और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मदद करेगा। कुल मिलाकर, यह रोडमैप भारत की डिजिटल यात्रा को एक नए चरण में ले जाने और व्यापक स्तर पर विकास सुनिश्चित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

## सर्राफा बाजार में सोने की घटी चमक

### चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने की कीमत में कमजोरी का रुख बना हुआ है। हालांकि चांदी के भाव में आज शुरूआती कारोबार के दौरान कोई बदलाव नजर नहीं आ रहा है। सोना 300 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 330 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 0.29 प्रतिशत गिर कर 4,669.61 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर आ गया है। इसी तरह चांदी भी आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में 75.91 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर ट्रेड कर रही है।



घरेलू सर्राफा बाजार में हाजिर सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर हिस्सों में 24 कैरेट सोना 1,53,700 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,55,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,40,890 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,42,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सरार्फा बाजार में आज भी 2,59,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बिक रही है।

दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,53,850 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# लगातार दूसरे वर्ष तमिलनाडु ने दर्ज की डबल-डिजिट आर्थिक वृद्धि, 2030 तक एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य

एजेंसी

**चेन्नई।** तमिलनाडु ने लगातार दूसरे वर्ष दो अंकों की आर्थिक वृद्धि दर हासिल कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। राज्य के उद्योग मंत्री टी. आर. बी. राजा ने इस सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि योजनाबद्ध विकास, मजबूत प्रशासनिक नेतृत्व और सतत औद्योगिक विस्तार का परिणाम है।



केंद्रीय सांख्यिकी और योजना कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में तमिलनाडु ने 10.83 प्रतिशत की वास्तविक आर्थिक विकास दर दर्ज की है, जबकि देश की कुल राष्ट्रीय औसत आर्थिक विकास दर 7.4 प्रतिशत रही। इस प्रकार तमिलनाडु की विकास दर राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक है। इससे पहले वित्त वर्ष 2024-25 में राज्य ने 11.19 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की थी, जो यह दशार्ती है कि राज्य लगातार मजबूत आर्थिक प्रदर्शन कर रहा है।

मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने आंकड़ों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि तमिलनाडु की आर्थिक वृद्धि कोई खोखला दावा नहीं है, बल्कि यह राज्य सरकार की नीतियों, निवेश आधारित विकास और योजनाबद्ध प्रशासन का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि द्रविड़ मॉडल के विकास ने राज्य को इस मुकाम तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है और यही मॉडल भविष्य की प्रगति की भी आधारशिला बनेगा।

राज्य के उद्योग मंत्री टी. आर. बी. राजा ने अपने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्ण पर कहा कि पहले से ही औद्योगिक रूप से मजबूत राज्य का इस रफ्तार से आगे बढ़ना वैश्विक स्तर पर भी दुर्लभ माना जाता है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विशाल देश में तमिलनाडु की यह विकास दर विशेष महत्व रखती है और यह राज्य की आर्थिक क्षमता को स्पष्ट रूप से दशार्ती है।

मंत्री ने इस उपलब्धि का श्रेय मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के नेतृत्व, दूरदर्शी नीतियों और निरंतर मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं, बल्कि लगातार प्रयासों, बेहतर नीतिगत फैसलों और उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने का परिणाम है।

टी. आर. बी. राजा ने कहा कि यदि यही विकास दर अगले 15 से 20 वर्षों तक बनी रहती है, तो तमिलनाडु भी चीन और दक्षिण कोरिया जैसे देशों की तरह तेज आर्थिक प्रगति का उदाहरण बन सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक आर्थिक मानचित्र पर भी अपनी मजबूत पहचान स्थापित करेगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने वर्ष 2030 तक तमिलनाडु को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्य सरकार निवेश आकर्षित करने, नए उद्योग स्थापित करने, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की दिशा में लगातार काम कर रही है।

मंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में तमिलनाडु निवेश, नवाचार और औद्योगिक विकास का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने अपने संदेश में कहा, तमिलनाडु बढ़ रहा है, तमिलनाडु मार्गदर्शन कर रहा है।

# एफबीआई ने एलन को कोर्ट में पेश किया, चुपचाप खड़ा रहा, हलफनामे में ट्रंप की हत्या के प्रयास का आरोप

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने शनिवार को वाशिंगटन हिल्टन होटल में व्हाइट हाउस पत्रकारों के डिनर में गोलीबारी करने वाले आरोपित कोल एलन को संघीय अदालत में पेश किया। उसने अपने पक्ष में कोई दलील नहीं दी और चुपचाप खड़ा रहा। एफबीआई ने अदालत में एक हलफनामा दाखिल किया। इसमें एलन पर सबसे बड़ा आरोप राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश करने का लगाया गया है।

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार एलन को सोमवार दोपहर पहली बार संघीय अदालत में पेश किया गया। वाशिंगटन डीसी के अमेरिकी अटॉर्नी जीनिन पिरो ने कहा कि संदिग्ध पर तीन आरोप लगाए गए हैं। मगर और भी आरोप जोड़े जा सकते हैं। एफबीआई के एक



हलफनामे में कहा गया है कि एलन पिछले हफ्ते लॉस एंजिल्स से ट्रेन से वाशिंगटन आया। व्हाइट हाउस पत्रकारों के डिनर से एक दिन पहले वाशिंगटन हिल्टन में रुका।

सरकारी वकीलों ने अदालत को बताया कि एलन होटल के बॉलरूम के ऊपर वाली मंजिल पर बने सुरक्षा जांच केंद्र में जबरदस्ती घुसा। उसके पास एक शॉटगन और एक हैंडगन थी। हलफनामे में यह स्पष्ट नहीं है कि उसकी चलाई गोली ही सीक्रेट सर्विस एजेंट की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लग। उल्लेखनीय है कि सीक्रेट सर्विस को इस कार्यक्रम की सुरक्षा को लेकर सवालों का सामना करना पड़ रहा है। इस कार्यक्रम में 2,500 पत्रकार, सरकारी अधिकारी, सांसद और मशहूर हस्तियां मौजूद थीं। कई लोगों ने कहा कि उन्हें सुरक्षा व्यवस्था ढीली लगी। सीक्रेट सर्विस ने सोमवार को कहा कि वह भविष्य के कार्यक्रमों में सुरक्षा बढ़ाएगी। इस घटना के बाद सीनेट के रिपब्लिकन सांसदों के एक समूह ने सोमवार को एक बिल का प्रस्ताव रखा।

## दिल्ली में फिक्स्ड कम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन निर्माण को चुनौती वाली याचिका खारिजं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण के प्रधान पीठ ने दिल्ली के बसई दारा पुर क्षेत्र में प्रस्तावित फिक्स्ड कम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन के निर्माण को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और डॉ. अफरोज अहमद की पीठ ने की।

याचिकाकर्ता प्रविधान रक्षा फाउंडेशन ने आरोप लगाया था कि पंजाबी बाग (पश्चिम) के गुड्डद वाला मोहल्ला, बसई दारा पुर में स्थापित किया जा रहा एफसीटीएस केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया और साइट चयन मानदंडों का उल्लंघन करता है तथा यह घनी आबादी, धार्मिक स्थल और स्कूल के निकट स्थित है।अधिकरण ने पाया कि उपलब्ध रिकॉर्ड और प्रस्तुत साक्ष्यों से साइट चयन मानदंडों के उल्लंघन का कोई ठोस प्रमाण नहीं है। अधिकरण ने यह भी माना कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए ऐसे ट्रांसफर स्टेशन आवश्यक हैं और संबंधित परियोजना का लगभग 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पहले ही पूरा हो चुका है।

अधिकरण ने निर्देश दिया कि एफसीटीएस का संचालन सीपीसीबी की एसओपी के अनुरूप किया जाए तथा दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति यह सुनिश्चित करे कि संचालन में किसी प्रकार का उल्लंघन न हो।

## स्वाति मालीवाल ने भाजपा में शामिल होने की औपचारिकता पूरी की



एजेंसी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद एवं दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की औपचारिकता पूरी की।

दिल्ली भाजपा कार्यालय में स्वाति मालीवाल ने प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा और सांसद योगेन्द्र चंदोलिया की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

मालीवाल ने कहा, आज काफी महत्वपूर्ण दिन है। मैं भावुक भी हूं, आज भाजपा में शामिल होने का मौका मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरणा लेकर मैं भाजपा में जुड़ी हूं। भाजपा के कार्यों में मुझे बहुत पहले से दिलचस्पी रही है। दिल्ली महिला आयोग के अध्यक्ष पद पर रहने के दौरान भाजपा की तरफ से काफी सहयोग मिला था। मैं दिल्ली के लिए अब और जी-जान से काम करूंगी, जैसे हमेशा से करती आई हूं।

आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आआपा पूरे देश में ड्रामा, झूठ, फरेब, गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार इसके लिए जानी जा रही है, जो बहुत शर्म की बात है। पिछले 10 सालों में हम देख रहे हैं कि किस तरीके से आआपा के संयोजक केजरीवाल ने दिल्ली में बहुत ही ज्यादा लूट मचा रखी थी। बहुत ज्यादा बुरा हाल कर रखा था। सड़कें बिलकुल खराब पड़ी थीं, पानी की व्यवस्था बहुत ज्यादा खराब थी, दिल्लीवासी जो मूल व्यवस्था है उसके लिए तरस रहे थे। अभी पिछले दो साल में रेखा गुप्ता की सरकार ने काफी काम करने का प्रयास किया है।

# शिवराज सिंह चौहान ने जम्मू-कश्मीर में 330 नई सड़क परियोजनाओं का शुभारंभ किया

एजेंसी

**श्रीनगर।** केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में कच्चे मकानों में रह रहे सभी पांच लाख परिवारों को भौतिक सत्यापन के बाद पक्के मकान उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के द्वितीय बैच के तहत 3,550 करोड़ रुपये की लागत से 1,600 किलोमीटर लंबी 330 नई सड़क परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया।

श्रीनगर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हुए एक नए सर्वेक्षण में पाया गया है कि पांच लाख परिवारों के पास स्थायी आवास नहीं है। उन्होंने कहा कि भौतिक सत्यापन के बाद मैं आपको आश्वस्त करता हूँ कि जम्मू-कश्मीर में कोई भी



कच्चे मकान में नहीं रहेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र जम्मू-कश्मीर के विकास को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाएगा। हम जम्मू-कश्मीर को सर्वोपरि मानते हैं। पीएमजीएसवाई चरण-चार, प्रथम बैच के तहत सड़क परियोजनाओं को मंजूरी पाने वाला यह पहला राज्य था और द्वितीय बैच में भी मंजूरी पाने वाला यह पहला राज्य है।

महिला स्वयं सहायता समूहों के बारे में चौहान ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 4,000 करोड़ रुपये वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में दो लाख लखपति दीदियां हैं। हम चाहते हैं कि इस देश में कोई भी गरीब न रहे। मंत्री ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए योजनाएं शुरू कर रही है और नए उपाय कर रही है।

## सड़क हादसे में चार युवकों की मौत व दो घायल

**लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में फरधान थाना क्षेत्र स्थित बेहजम रोड पर सोमवार देर रात तेज रफ्तार एक कार ने दो बाइकों में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी। क्षेत्राधिकारी नगर विवेक तिवारी ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों की पहचान हो गई हैं, जिनमें नीमगांव थाना क्षेत्र निवासी हितेश शुक्ला (42), सोनौरा गांव के हरि किशन (40), बासारा गांव के अनुज कुमार (35) और आदर्श शामिल हैं। वहीं, दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।**

## 60.86 लाख रुपये की बैंक धोखाधड़ी मामले में फरार आरोपित 14 साल बाद गिरफ्तार




एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 60.86 लाख रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपित मनोज कुमार सिन्हा को गिरफ्तार किया है। आरोपित वर्ष 2012 में दर्ज मामले के बाद से जांच में शामिल नहीं हुआ था और फरार चल रहा था।

सीबीआई के अनुसार, यह मामला 16 अप्रैल 2012 को बीएसएनएल की शिकायत पर दर्ज किया गया था। इसमें एसबीआई की शिलांग मुख्य शाखा, बीएसएनएल शिलांग के अज्ञात अधिकारियों और अन्य लोगों पर बीएसएनएल के खाते से 60.86 लाख रुपये की अवैध निकासी का आरोप लगाया गया था।

जांच पूरी होने के बाद सीबीआई ने 23 दिसंबर 2013 को इस मामले में संजीव कुमार राय के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। बाद में आगे की जांच के आधार पर 22 जुलाई 2021 को फरार आरोपित मनोज सिन्हा सहित अन्य के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दायर किया गया।

मनोज कुमार सिन्हा जांच में शामिल नहीं हुआ और उसे फरार घोषित किया गया। अदालत द्वारा उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया गया था, लेकिन वह लंबे समय तक पकड़ा नहीं जा सका।

सीबीआई ने तकनीकी और भौतिक निगरानी, कॉल डिटेल रिकॉर्ड विश्लेषण और अन्य सूचनाओं के आधार पर आरोपी को बिहार के पटना स्थित उसके नए ठिकाने से 28 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपित को ट्रांजिट वारंट लेकर पटना से शिलांग ले जाया जाएगा, जहां उसे विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया जाएगा।

# मणिपुर में शांति बहाली पर जोर, सरकार कर रही हरसंभव प्रयासः मुख्यमंत्री वाई

एजेंसी

**इम्फाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह ने आज कहा है कि राज्य के विकास के लिए शांति अनिवार्य है और सरकार संवाद एवं वार्ता के जरिए सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।



मुख्यमंत्री ने यह बात चानाम सैंड्रोक में लाई हाराओबा एंड विलेज डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा आयोजित एबुधो फुनाल निंगथौ तेलहैबाझसंथोक निंगथौ अपनबा कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान कही।

हाल ही में हुए त्रोंग्लाओबी घटना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि दो बच्चों की मौत से सभी समुदायों में गहरा दुख और आक्रोश है। उन्होंने बताया कि सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवागमन सुचारु करने और शांति बहाल करने के लिए निरंतर संवाद की प्रक्रिया जारी रखे हुए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना से जुड़े मामले को नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी को सौंप दिया गया है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

विकास कार्यों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि केइराओ विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक द्वारा पूर्व में प्रस्तुत प्रस्तावों को शीघ्र गति दी जाएगी। उन्होंने क्षेत्र का दोबारा दौरा कर विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने की भी बात कही।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मणिपुर लोक सेवा आयोग परीक्षा में सफल हुए क्षेत्र के पांच अभ्यर्थियों को सम्मानित किया और कहा कि कड़ी मेहनत से किसी भी पृष्ठभूमि का व्यक्ति सफलता हासिल कर सकता है।

केइराओ के विधायक एवं रामेश्वर मैतेई ने कहा कि मुख्यमंत्री के पहाड़ी और घाटी क्षेत्रों के लगातार दौरे राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### नेपाल सरकार ने दो अध्यादेश जारी करने के लिए राष्ट्रपति से की सिफारिश

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने दो अलग-अलग अध्यादेश जारी करने के लिए राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल के समक्ष सिफारिश की है। सोमवार को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक के निर्णय के तहत आज मंगलवार को सरकार ने राष्ट्रपति के समक्ष सहकारी और संवैधानिक परिषद से जुड़े दो अध्यादेश जारी करने की सिफारिश भेजी। राष्ट्रपति के प्रेस सलाहकार किरण पोखरेल ने कहा कि मंत्रिपरिषद से दो अध्यादेश सिफारिश होकर आए हैं। यहां उनका अध्ययन किया जा रहा है। दोनों अध्यादेश आज ही राष्ट्रपति कार्यालय शीतल निवास पहुंचाए गए हैं। इससे पहले, 21 अप्रैल को हुई मंत्रिपरिषद बैठक ने संसद सत्र बुलाने के लिए राष्ट्रपति के समक्ष सिफारिश की थी। उसी सिफारिश के आधार पर राष्ट्रपति ने 4 मई के लिए संसद अधिवेशन बुलाया था। हालांकि, बाद में सरकार ने फिर 23 अप्रैल को संसद सत्र स्थगित करने की सिफारिश राष्ट्रपति के समक्ष की थी। सरकार की सिफारिश के अनुसार राष्ट्रपति ने अधिवेशन स्थगित कर दिया था। प्रतिनिधि सभा का अधिवेशन बुलाकर फिर स्थगित करने के बाद सरकार ने अब संवैधानिक परिषद में नियुक्तियों का रास्ता खोलने के लिए अध्यादेश लाने की सिफारिश की है। संवैधानिक नियुक्तियों की सिफारिश करने वाली संवैधानिक परिषद में कुल छह सदस्यों की व्यवस्था है। इस परिषद में प्रधानमंत्री, प्रतिनिधि सभा के सभामुख, राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष, उपसभामुख, प्रधान न्यायाधीश और विपक्षी दल के नेता सदस्य होते हैं।सोमवार को ही प्रमुख प्रतिपक्षी दल नेपाली कांग्रेस ने प्रतिनिधि सभा में अपने संसदीय दल का नेता चुना। पार्टी ने भीष्मराज अंदाबे को दल का नेता चुना, जिसके साथ ही संवैधानिक परिषद अब पूर्ण हो गई है।

### ईरान परमाणु अप्रसार संधि समीक्षा सम्मेलन का उपाध्यक्ष बना, अमेरिका भड़का

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने ईरान को संयुक्त राष्ट्र चार्टर विशेष समिति और परमाणु अप्रसार संधि समीक्षा सम्मेलन का उपाध्यक्ष चुने जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। इससे पहले ईरान को संयुक्त राष्ट्र सामाजिक विकास आयोग का भी उपाध्यक्ष चुना जा चुका है। अमेरिका के तेवर संयुक्त राष्ट्र में सोमवार को परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने के लिए बनी संधि की समीक्षा शुरू होने पर दिखे। बैठक में अमेरिका और ईरान के बीच तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर तीखी बहस हुई। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार सम्मलेन के उद्घाटन सत्र में हथियार नियंत्रण और अप्रसार मामलों के लिए अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडो ने कहा कि भले ही ईरान के इरादों और उसके परमाणु कार्यक्रम से निपटने के तरीकों को लेकर अलग-अलग विचार हो सकते हैं, लेकिन ईरान ने संधि की अवमानना की है। येव ने कहा, इस समीक्षा सम्मेलन का इस्तेमाल परमाणु अप्रसार संधि की अखंडता की रक्षा करना है। सम्मेलन में ईरान को जवाबदेह भी ठहराया जाना चाहिए। येव ने कहा कि हमने ईरान को ही उपाध्यक्ष चुन लिया है। अमेरिकी नेता ने कहा, यह बेहद शर्मनाक है और इस सम्मेलन की विश्वसनीयता पर एक धब्बा है। वियना स्थित संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत रजा नजाफी ने अमेरिका के आरोपों को बेबुनियाद और राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने समीक्षा सम्मेलन के उपाध्यक्ष के तौर पर अमेरिका की उम्मीदवारी का विरोध किया।

### पति की हत्या में पत्नी-प्रेमी समेत तीन गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश में जनपद लखीमपुर खीरी के थाना मितौली पुलिस ने मंगलवार को युवक की हत्या का खुलासा कर दिया है।पुलिस ने हत्या के आरोप में मृत युवक की पत्नी उसके प्रेमी सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रेम प्रसंग के चलते पत्नी ने ही अपने प्रेमी और उसके साथी के साथ मिलकर पति की हत्या की साजिश रची थी। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तमंचा, कारतूस और मोटरसाइकिल भी बरामद कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने बताया कि बीते 16 अप्रैल को गणेश नाम के एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी थी, जब वह तेल पिरवाकर अकेले घर लौट रहा था। मितौली पुलिस इस मामले की तफ्तीश में जुटी थी। जाँच के दौरान साक्ष्य सामने आए कि गणेश की पत्नी संध्या देवी का संबंध हरदोई निवासी पुरुषोत्तम बाजपेई के साथ काफी समय से चल रहा है। संध्या देवी ने अपने प्रेमी पुरुषोत्तम के साथ मिलकर पति को रास्ते से हटाने की योजना बनाई थी। इसके तहत 16 अप्रैल को जब गणेश सुनसान रास्ते से गुजर रहा था, तभी अभियुक्तों ने उसे रोककर तमंचे से फायर कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में पुरुषोत्तम बाजपेई उसकी प्रेमिका संध्या देवी, साथी प्रवेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। मुख्य अभियुक्त पुरुषोत्तम बाजपेई का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है, जिस पर पहले से ही हत्या (302) और गैंगस्टर एक्ट जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं।

### बीमार पिता को देखने के लिए इंजीनियर रशीद को एक हफ्ते की अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने टेरर फंडिंग मामले के आरोपित और सांसद इंजीनियर रशीद की अपने बीमार पिता को देखने के लिए एक हफ्ते की अंतरिम जमानत दे दी है है। जस्टिस प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता वाली बेंच ने इंजीनियर रशीद को एक लाख रुपये के मुचलके पर अंतरिम जमानत देने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि अंतरिम जमानत के दौरान इंजीनियर रशीद उस अस्पताल में ही रहेंगे, जहां उनके पिता भर्ती हैं। इस दौरान वो अपने परिवार के सदस्यों के अलावा किसी दूसरे से बात नहीं करेंगे। वे अपना मोबाइल फोन चालू रखेंगे। उनके साथ दो अधिकारी भी रहेंगे, जिनका खर्च एनआईए उठाएगी। कोर्ट ने इंजीनियर रशीद को एक हफ्ते के बाद सरेंडर करने का आदेश दिया।इसके पहले पटियाला हाउस कोर्ट ने 24 अप्रैल को इंजीनियर रशीद की याचिका खारिज कर दी थी। इंजीनियर रशीद ने याचिका दायर कर कहा था कि उसके पिता बीमार हैं और वो वेंटिलेटर पर हैं। इससे पहले पटियाला हाउस कोर्ट ने इंजीनियर रशीद को हिरासत में संसद सत्र में हिस्सा लेने की अनुमति दी थी।

### रेल मार्गों व सार्वजनिक स्थानों पर धमाकों से आतंक फैलाना चाहते थे कट्टरपंथी

**चंडीगढ़।** डीआईजी कुलदीप सिंह चाहल ने बताया कि शंभू रेलवे ट्रैक पर हुए धमाका मामले में पकड़े गए चार कट्टरपंथियों से पूछताछ के आधार पर इस मॉड्यूल का मुख्य सरगना परदीप सिंह खालसा है, जो खालिस्तानी विचारधारा से प्रभावित होकर चलदा वहीर चक्रवर्ती, अटारिए नामक संगठन चला रहा था। वह मलेशिया स्थित खालिस्तानी उग्रवादी समूहों और पाकिस्तान में बैठे हैंडलरों के संपर्क में था। इनका मकसद पंजाब में आतंकी घटनाओं को अंजाम देकर शांति भंग करना और दहशत का माहौल पैदा करना था, जिसके लिए पाकिस्तान स्थित हैंडलरों द्वारा इन्हें भारी मात्रा में विस्फोटक और हथियार मुहैया कराए गए थे।डीआईजी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मॉड्यूल का सरगना परदीप सिंह खालसा अपने साथियों के साथ पंजाब के प्रमुख रेलवे मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर बम धमाके कर राज्य में उग्रवाद को पुनर्जीवित करना चाहता है।

## संक्षिप्त समाचार

### गौ माता को राष्ट्रमाता माता का दर्जा दिलाने के लिए गौ सेवकों ने पत्रक कुण्डल तहसीलदार को सौंपा



**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** सम्पूर्ण भारत देश में आज सोमवार को आयोजित गौ सम्मान आव्हान अभियान कार्यक्रम के तर्ज पर कुण्डल तहसील मुख्यालय में भी ये कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के कुण्डल तहसील मुख्यालय टोली ने गांव गांव ढाणी ढाणी जनसंपर्क करके ग्रामीणों द्वारा टोलियों का गठन किया था जिसने ग्रामीणों के द्वारा हस्ताक्षर करवाकर आज कुण्डल तहसील मुख्यालय पहुच कर तहसीलदार हरिकेश मिरोठा को गौ माता को राष्ट्रमाता माता का दर्जा दिलाने के लिए गौ सेवकों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री,राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। गौ सम्मान आव्हान अभियान के दिए जाने वाले प्रार्थना पत्र के पीछे ये सभी हस्ताक्षर को सम्मिलित करके एक पोथी तैयार की गई। और कुण्डल में गौ सम्मान रैली का आयोजन किया गया रैली बड़े महादेव मंदिर से प्रातः 10 बजे आयोजित की गई जो कुण्डल के मुख्य बाजार होते हुए बड़े मंदिर पहुंची। जिसमें बड़ी संख्या में कुण्डल के सभी विद्यालय के विद्यार्थी,व्यापारी बंधु ,सामाजिक संगठन के लोग , सेवा प्रदत्त संस्थानों के कार्यकर्ता और नगरवासी माताएं बहनें सम्मिलित रही।

### आंगनवाड़ी केंद्र कंदपुरा में बच्चों को ड्रेस वितरण, भामाशाह कुंजलता वर्मा रहीं मुख्य अतिथि



**चमकता राजस्थान/धौलपुर रामदास तरुण।** बसेड़ी उपखंड की खबर, 28 अप्रैल। नगरपालिका बसेड़ी के वार्ड नंबर 3 कंदपुरा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर आज बच्चों के लिए ड्रेस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता चंद्रमुखी सारस्वत के प्रयासों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भामाशाह कुंजलता वर्मा, प्रधानाचार्या पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बसेड़ी उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास विभाग बसेड़ी की महिला सुपरवाइजर अंक्की शुक्ला, केवल सिंह शाक्य प्रधानाध्यापक कंदपुरा, मीना देवी एवं शिक्षक पियूष कुमार गर्ग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक श्रीप्रकाश शर्मा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर केंद्र पर नामांकित 28 बालक-बालिकाओं को ड्रेस वितरित की गई, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम का संचालन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता चंद्रमुखी सारस्वत द्वारा किया गया। इस दौरान रामनरेश शर्मा, रामवरन शर्मा, नेमीचंद, सचिन, उर्मिला, सुंदरी, कमलेश, आशा देवी, रेखा देवी सहित सहायिका रश्मि सारस्वत सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ता द्वारा सभी उपस्थितजनों एवं बच्चों को फल वितरित किए गए। कार्यक्रम ने समाज में शिक्षा और बाल विकास के प्रति जागरूकता का सकारात्मक संदेश दिया।

### जनहित के कई प्रस्तावों पर लगी मुहर, पार्षद ने निगम प्रशासन को भी घेरा



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** नगर निगम की हालिया कार्यकारिणी बैठक में वार्ड पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने जनसमस्याओं को लेकर बेहद आक्रामक रुख अपनाया। बैठक की शुरुआत से ही टिंकू अरोड़ा ने जनता की सुविधा और निगम की कार्यप्रणाली में सुधार के मुद्दों को प्रमुखता से रखा। सबसे गंभीर मुद्दा जन्म-मृत्यु पंजीकरण विभाग के विभाजन का था। पूर्व में नगर निगम ने इस विभाग को तीन अलग-अलग जोन में बांट दिया था, जिसके कारण मंडी समिति से लेकर खाता खेड़ी तक के वार्डों के नागरिकों को जोन 2 और 3 के चक्कर काटने पड़ रहे थे। इस भौगोलिक दूरी के कारण आम जनता को भारी मानसिक और शारीरिक परेशानी हो रही थी। पार्षद अरोड़ा ने इस मुद्दे पर महापौर और नगर आयुक्त के समक्ष कड़ी आपत्ति दर्ज कराई, जिसके परिणामस्वरूप अधिकारियों ने तुरंत संज्ञान लेते हुए नगर निगम मुख्यालय में ही जोन 2 और 3 के लिए अतिरिक्त खिड़कियां खोलने का ऐतिहासिक आदेश पारित किया। बैठक में आर्थिक राहत और प्रशासनिक सुधारों पर भी चर्चा हुई। पार्षद टिंकू अरोड़ा के नेतृत्व में पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल ने पिछले काफी समय से जो मांगें रखी थीं, उन पर सदन ने सकारात्मक रुख दिखाया। शहरवासियों को बड़ी राहत देते हुए प्रॉपर्टी टैक्स पर 20% की भारी छूट के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। इसके अतिरिक्त, निगम के जमीनी स्तर के कर्मचारियों और कंप्यूटर ऑपरेटरों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उनके वेतन में सम्मानजनक वृद्धि का प्रस्ताव भी टिंकू अरोड़ा द्वारा सदन के पटल पर रखा गया, जिसे कर्मचारियों के हित में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का समापन, जागरूकता व समन्वय पर जोर

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण।** सचिव रेखा यादव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर की अध्यक्षता में ''स्कीम ऑन एक्सेस टू जस्टिस फॉर विक्टिम्स ऑफ 'मन वाइल्डलाइफ कॉन्फ्लिक्ट (ल्हउ) योजना 2025'' के अंतर्गत एडीआर परिसर धौलपुर में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का मंगलवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस कार्यशाला का शुभारंभ 27 अप्रैल 2026 को मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया था। कार्यक्रम का उद्देश्य मानव एवं वन्यजीवों के बीच




बढ़ते संघर्ष को कम करना, जन-जागरूकता बढ़ाना एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना रहा। समापन अवसर पर सचिव रेखा यादव ने कहा कि मानव-वन्यजीव संघर्ष एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है, जिसके समाधान हेतु प्रशासन, वन विभाग, विधिक सेवा प्राधिकरण एवं आमजन के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पीड़ितों को मुआवजा, कानूनी सहायता एवं पुनर्वास जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। प्रतिभागियों को टोल फ्री नंबर 15100 की जानकारी देते हुए जरूरत पड़ने पर इसका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। जिला वन अधिकारी वी. चेतन कुमार ने मानव-वन्यजीव संघर्ष के कारणों, प्रभावों एवं निवारण के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास के संरक्षण, ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा उपायों के पालन एवं आपात स्थिति में सावधानी बरतने की आवश्यकता बताई।

कार्यशाला के अंतर्गत प्रतिभागियों को वन विहार अभयारण्य का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया, जिससे उन्हें वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास, व्यवहार एवं संघर्ष की वास्तविक परिस्थितियों की जानकारी मिल सकी। इस दौरान वन क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, वन्यजीवों की गतिविधियों एवं संरक्षण उपायों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत धौलपुर, सचिव रेखा यादव, जिला वन अधिकारी वी. चेतन कुमार, वरिष्ठ सहायक जगदीश सिंह जादौन, कनिष्ठ सहायक पंकज एवं अंकित, पैनल अधिवक्तागण, पीएलवी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा का जनआक्रोश प्रदर्शन

चमकता राजस्थान

**ब्यावर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा आज ब्यावर शहर में कांग्रेस पार्टी द्वारा लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण बिल) को गिराने एवं महिलाओं के सम्मान के मुद्दे पर लगातार राजनीति करने के विरोध में विशाल जनआक्रोश प्रदर्शन चांग गेट पर आयोजित किया गया एवम राहुल गांधी का पुतला जलाकर महिला शक्ति ने अपना विरोध प्रदर्शित किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने भाग लिया।

प्रदर्शन के दौरान महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक महिलाओं को केवल वोट बैंक समझा, लेकिन जब महिलाओं को वास्तविक अधिकार देने का अवसर आया तो उसने बिल का विरोध कर अपनी महिला



विरोधी मानसिकता उजागर कर दी। भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का ऐतिहासिक कार्य किया है।

महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की मातृशक्ति को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी देने वाला क्रांतिकारी कदम है, लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने इसे रोकने का प्रयास कर देश की महिलाओं का अपमान किया है। यह देश की आधी आबादी के अधिकारों पर प्रहार है, जिसे महिलाएं कभी स्वीकार नहीं करेंगी।

कार्यक्रम के दौरान महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता Rahul Gandhi का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक और पूर्व जिला ध्यक्ष देवी शंकर भूतडा ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए और महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस का दोहरा चरित्र देश के सामने आ चुका हैं।

श्री भूतडा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव महिला सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है। केंद्र सरकार ने उज्ज्वला योजना, मातृत्व लाभ, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जनधन योजना और नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे अनेक ऐतिहासिक निर्णय लेकर महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन किया है।

इस जन आक्रोश आंदोलन को संतोष रावत, राजेश्वरी यादव, तारा सोनी, शिखा गुप्ता, मंजू जांगिड़, मंजू भूतडा,रेखा शर्मा, कमलेश बंट, सुमिता बाबेल, मधुबाला पंवार, स्वाति जैन, लीला रावत, कंचन रावत, सुनीता भाटी, पवन जैन, चेतन गोयर, डूंगर सिंह रावत इत्यादि भाजपा नेताओं ने संबोधित किया।

### रायसिंहनगरः जमीन विवाद में बढ़ा तनाव, मारपीट और आगजनी की कोशिश के गंभीर आरोप



**चमकता राजस्थान/रायसिंहनगर।** क्षेत्र के गांव 2 टीके में जमीन विवाद ने अब गंभीर रूप ले लिया है। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि कुछ दबंग लोग उसकी जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

पीड़ित टिकूराम के अनुसार, यह जमीन वर्ष 1981 में खरीदी गई थी, जिसके फसल बेचान सहित सभी आवश्यक दस्तावेज उनके पास मौजूद हैं। बावजूद इसके, आरोप है कि मेजर सिंह और उसके सहयोगी लगातार जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं और प्रशासन पर दबाव बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

मामले में यह भी सामने आया है कि पहले भी प्रशासन को प्रभावित करने के लिए पानी की टंकी पर चढ़ने जैसी घटनाएं हुई थीं, जिनमें मेजर सिंह और उसके भांजे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। इसके बावजूद विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा।

घटना 15 अप्रैल 2026 की बताई जा रही है, जब टिकूराम अपने 5-7 मजदूरों के साथ सरसों की फसल की कटाई के लिए खेत पर पहुंचा था। इसी दौरान मेजर सिंह अपने भांजे सर्वजीत सिंह के साथ मौके पर आया और जबरन खेत में घुस गया। आरोप है कि मेजर सिंह के हाथ में कसिया (खेती का औजार) था और उन्होंने मजदूरों को डराने-धमकाने की कोशिश की।

पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपियों ने मारपीट पर उतारू होकर मजदूरों के साथ धक्का-मुक्की की और खेत में खड़ी फसल (कंपैन) में आग लगाने का भी प्रयास किया। आरोप है कि वे अपने साथ पेट्रोल और अन्य ज्वलनशील पदार्थ लेकर आए थे, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था।

### बांदीकुई क्षेत्र के गांव दुड़की में पुण्यतिथि पर सैन समाज के लोगों ने एक पहल शुरू की गई दुड़की स्कूल में बच्चों को गणवेश व शिक्षण सामग्री वितरण



**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** जिले के बसवा उपखंड क्षेत्र के ग्राम दुड़की स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में एक सराहनीय सामाजिक पहल देखने को मिली। स्वर्गीय बंशीधर सैन पटवारी की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी धर्मपत्नी रुक्मिणी सैन एवं परिवारजनों ने जरूरतमंद स्कूली बच्चों को गणवेश एवं सहायक शिक्षण सामग्री वितरित की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा। बच्चों को नई ड्रेस व पढ़ाई से जुड़ी सामग्री मिलने पर उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। इस पहल को शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सहयोग के रूप में देखा जा रहा है, जो बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर संस्था प्रधान राजेंद्र गुर्जर, शिक्षिका ऊषा ब्रह्मभट्ट, सुमेर सिंह ब्रह्मभट्ट, राधेश्याम अवाना, सुशील अवाना, राकेश सैन, नीतू सैन,अवधेश सैन, पुष्पा कंवर सहित विद्यालय स्टाफ, अभिभावक एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। परिवारजनों ने बताया कि स्वर्गीय बंशीधर सैन की स्मृति में हर वर्ष इस तरह के सेवा कार्य किए जाते हैं, ताकि जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में सहयोग मिल सके। उपस्थित लोगों ने इस पहल की जमकर सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। एवं इस पहल से ग़रीब बच्चों को लाभ मिल सकेंगा और सभी समाज के लोगों के लिए भी एक प्रेरणा मिलेगी सकेगी जिससे गरीब बच्चों को सुविधा मिल सकेगी

### रिफाइनरी में आग सीमित, 6 एक्सचेंजर ही प्रभावित

- **मई में फिर शुरू होगी यूनिट, 3 से 4 हफ्तों में बहाली पूरी ; एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड पर नई अपडेट**

**चमकता राजस्थान/बीकानेर।** हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की संयुक्त उद्यम कंपनी, एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआरआरएल) की क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट (सीडीयू) में 20 अप्रैल को हुई दुर्भाग्यपूर्ण अग्नि दुर्घटना के संदर्भ में घटना के पश्चात विस्तृत जांच से प्रारंभिक आकलन की पुष्टि हुई है कि आग हीट एक्सचेंजर स्टैक तक सीमित थी जिससे केवल 6 एक्सचेंजर और उनसे संबंधित सहायक उपकरण प्रभावित हुए हैं। परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर, आग का कारण वैक्यूम रेजिड्यू एक्सचेंजर की इनलेट लाइन पर प्रेशर गेज टैपिंग पॉइंट से रिसाव होने की आशंका है। पुनर्स्थापन कार्य प्रगति पर है और इसके अगले 3 से 4 सप्ताह में पूर्ण होने की संभावना है। सीडीयू को मई 2026 के द्वितीय पखवाड़े में पुनः प्रारंभ किए जाने की अपेक्षा है। अन्य सहायक इकाइयाँ योजना के अनुसार पहले से ही कमीशनिंग के उन्नत चरण में हैं। यह अपेक्षा की जा रही है कि मुख्य उत्पादों (एलपीजी/एमएस/एचएसडी/नैफ्था) का परीक्षणात्मक उत्पादन मई 2026 में प्रारंभ हो जाएगा और इसके पश्चात इकाइयों को स्थिर / कमीशन किया जाएगा। एचपीसीएल अपनी परिचालन सुरक्षा, सुदृढ़ आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणालियों तथा उद्योग के सर्वोच्च मानकों के पालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

### गौशाला में परिंदों के लिए परिन्डे बाँधे,अभियान का आगाज



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** मानव समाज सेवा संस्थान राजस्थान एवम राज आँगन फाउंडेशन द्वारा शिवाजी नगर स्थित धाभाई गौशाला में परिंदों के लिए परिंडे बाँध कर अभियान की शुरुआत की।

संस्थान के अध्यक्ष डॉ मुकेश गुप्ता ने बताया कि हमारी टीम अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में जाकर पार्कों,मंदिरों व आसपास के क्षेत्रों में परिंडे बांधेगी और पक्षियों के लिए पानी व दाने की व्यवस्था करेगी।

इस दौरान समाज सेवी अमर सिंह धाभाई,सी ए नटवर लाल भाटिया,विपिन गुप्ता,वरिष्ठ पत्रकार चेतन गोस्वामी सहित कई अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### दहेज मुक्त शादी समाज कों दिया संदेश

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** ग्राम लक्ष्मीपुरा तहसील नैनवां में दुल्हा रामफूल मीणा पिता श्री रामकुवार मीणा ने दहेज लेने से किया इन्कार



दुल्हन पक्ष से 100000 एवं 47 हजार की अंगुठी दी गयी थी जिसे दुल्हे ने शगुन के 500 रुपए निकालकर वापिस दुल्हन पक्ष संजू मीणा कों सुपुर्द कर दिये यह समाज के लिए अच्छा संदेश है इस कार्य में वरिष्ठ अध्यापक लक्ष्मीपुर वाले सुवालाल जी मीणा राकेश कुमार मीणा पीटीआई एवं हिंडोली अम्बेडकर शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष हरिराम मीणा देवरिया व डॉक्टर धर्मराज मीणा हरिपुरा उच्च शिक्षा विभाग के सानिध्य में हुआ। शिक्षक हरिराम मीणा ब्लाक अध्यक्ष शिक्षक संघ अम्बेडकर हिंडोलीने सर्व समाज के से अपील की है की दहेज प्रथा एक कुप्रथा हैं इससे सभी समाजों में गरीब लोग भी है सभी का ध्यान रखना जरूरी है।

# डग में अवैध देशी पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

**डग-28 अप्रैल(कुन्दन व्यास)।** जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रविवार को डग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हतियार देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया।पुलिस की यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार,डग थाना पुलिस गश्त के दौरान डग -भवानीमंडी मुख्य सड़क पर स्तिथ खेल मैदान के पीछे खेतों की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया।पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे रोककर तलाशी ली, जिसमें उसके कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल बरामद हुई।

पकड़े गए आरोपी की पहचान गोपाल सिंह पुत्र गंगाराम(30)निवासी डोली सरना थाना डग,जिला झालावाड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। उक्त कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार बुड़ानिया के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा एवं पुलिस उप अधीक्षक गंगधार हेमंत कुमार गौतम के सुपरविजन में थानाधिकारी भंवर सिंह व उनकी टीम बिजेश कुमार,विनोद कुमार,विष्णु,मुकेश कुमार ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।पुलिस अन्य संभावित कड़ियों की भी जांच कर रही है।

विनम्र श्रद्धांजलि



नवम पुण्यतिथि

स्व श्री राम किशोर शर्मा (29-04-2017)

पुत्र स्व श्री विजय लाल जोशी

श्रद्धानवत

शरद कुमार (पुत्र) मुख्य विज्ञापन निरीक्षक जयपुर उ प रे, श्रीमति इंदुमती सुरोलिया (बहू), डॉ आयुष शरद (पौत्र), प्राची शरद (पौत्री)

फर्म : फेयरडील सिक्योरिटी सर्विसेज, जयपुर

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929